

हिन्दी दैनिक

RNINo-UPHIN/2015/63817

# मरियम टाइम्स

लखनऊ व हरदोई से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 06 | अंक : 278 | लखनऊ, मंगलवार 15 दिसम्बर 2020 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2/– रूपया

# किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपर मुख्य सचिव लोक निर्णाण को सहारनपुर, अलीगढ़ और आजमगढ़ के राज्य विश्वविद्यालयों, आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर, अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ की डीपीआर तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं जन महत्व की हैं, इसलिए इनमें कतई विलम्ब नहीं होना चाहिए। सरकारी धन का सदुपयोग किया जाए। इसका दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त को धान क्रय केंद्रों की समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



ऐसी शिकायतें मिली हैं कि कुछ लोग गड़बड़ी करने की फिराक में हैं। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास प्राधिकरणों के कार्यों की समीक्षा की जाए। इनकी कार्यप्रणाली में सुधार की जरूरत है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री के साथ शीघ्र ही प्रदेश की स्मार्ट सिटी और अमृत योजनाओं के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाए। यह कार्य जनहित से जुड़े हैं, इनकी सतत निगरानी की जाए, इन्हें पूरी प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को निर्देश दिए कि बेसिक शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि जो भी गतिरोध थे, अब समाप्त हो चुके हैं। यह युवाओं की सुविधा का विषय है, इसमें तत्परता बरती जाए। उन्होंने कहा कि कैलास मानसरोवर भवन बनने से तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी, इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आर0के0 तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 तथा सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एस0पी0 गोयल, अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ0 रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव लोक निर्माण नितिन रमेश गोगर्ण, प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद प्रतापगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस हादसे में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के शहीद डिप्टी कमाण्डेण्ट विकाश कुमार को श्रद्धांजलि दी

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ में कर्तव्य पालन के दौरान जनपद मुजफ्फरनगर निवासी सी0आर0पी0एफ0 के शहीद डिप्टी कमाण्डेण्ट विकाश कुमार के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद विकाश कुमार के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद विकाश कुमार के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जायेगी।

### पूर्व राजनयिकों ने कनाडा को लिखा खुला पत्र, किसान आंदोलन के समर्थन पर जमकर सुनाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध–प्रदर्शन के संबंध में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान को लेकर पूर्व भारतीय राजनयिकों के एक समूह ने नाराजगी जाहिर की है। समूह ने उनके बयान को जमीनी वास्तविकताओं से इतर और आग को हवा देने वाला करार दिया। इसके साथ ही आरोप लगाया कि कनाडा के समर्थन के चलते ही प्रदर्शनकारी किसानों ने अपना रुख कड़ा किया और उन्हें पूरा या कुछ भी नहीं की सोच अपनाने को बढ़ावा दिया। समूह ने कहा कि कनाडा के कुछ राजनीतिक दल और नेता वोट बैंक की राजनीति के कारण ऐसा कर रहे हैं। साथ ही आरोप लगाया कि सभी इस बात को जानते हैं कि अलगाववादी और हिंसक खालिस्तानी तत्व कनाडा की धरती से संरक्षण पाकर ही भारत–विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। ''इंडियन एम्बेस्डर्स ग्रुप'' द्वारा लिखे गए खुले पत्र में ट्रूडो पर निशाना साधा गया और कहा गया कि लिबरल पार्टी के मतदाताओं के एक हिस्से को खुश करने के लिए भारत के आंतरिक मामलों में स्पष्ट हस्तक्षेप पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इससे द्विपक्षीय संबंधों पर लंबे समय के लिए असर पड़ेगा। इस समूह में पूर्व राजनयिक विष्णु प्रकाश, अजय स्वरूप, जीएस अय्यर और एसके माथुर भी शामिल हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों पर चिंता जाहिर करते हुए बयान में कहा गया कि वे कनाडा के युवाओं को भी कट्टरपंथी बना रहे हैं, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे और अल्पकालिक राजनीतिक फायदे के लिए इसे नजरअंदाज किया जा रहा है।

## केजरीवाल के हंगर स्ट्राइक पर भाजपा का तंज, कहा– यह सत्ता की भूख है

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने राजधानी दिल्ली की विभिन्न सीमाओं और देश के कुछ अन्य स्थानों पर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसानों के आंदोलन को सोमवार को राजनीतिक गुटों की लड़ाई बताया और कहा कि जब से ये कृषि कानून आए हैं तब से देश में जितने भी चुनाव हुए हैं उसमें भाजपा की जीत हुई है जो दर्शाती है कि गांव, गरीब और किसान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''किसान आंदोलन किसानों की नहीं बल्कि राजनीतिक गुटों की लड़ाई हो गई है। आम आदमी पार्टी और कैप्टन अमरिंदर सिंह के ट्विटर वार को देखिए। वो आपस में एक दूसरे से लड़ रहे हैं। ये किसानों के हित के लिए नहीं, आपस में सत्ता की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## कृषि क्षेत्र के खिलाफ प्रतिगामी कदम उठाने का सवाल ही नहीं-राजनाथ सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र द्वारा लाए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का विरोध



ा तेज होने के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को जोर देकर कहा कि कृषि क्षेत्र 'जननी' है और इसके खिलाफ प्रतिगामी कदम उठाने का सवाल ही नहीं है। औद्योगिक संगठन फिक्की की आम बैठक को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हाल में कृषि क्षेत्र में किए गए सुधार किसानों के बेहतर हित को ध्यान में रखकर किए गए हैं और सरकार हमेशा चर्चा और संवाद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ''कृषि क्षेत्र के खिलाफ प्रतिगामी कदम उठाने का सवाल ही नहीं है। हालिया सुधार भारत के किसानों की बेहतरी को ध्यान में रखकर किए गए हैं।'' सिंह ने कहा, '' फिर भी हम अपने किसान भाइयों की हमेशा सुनने को तैयार हैं, हम उनकी आशंकाओं को दूर करेंगे और भरोसे के साथ उन्हें वह देंगे जो हम दे सकते हैं। हमारी सरकार हमेशा चर्चा और संवाद के लिए तैयार है।'' रक्षामंत्री ने कहा कि कृषि वह एक क्षेत्र है जिसने खुद को महामारी के दुष्प्रभाव से बचाया है, बल्कि बेहतर किया है। उन्होंने कहा, ''हमारे यहां उत्पादन और खरीद बहुत हुआ और सभी गोदाम भरे हुए हैं।'' गौरतलब है कि केंद्र के तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर हजारों किसान दिल्ली की सीमा पर दो सप्ताह से अधिक समय से जमे हुए हैं। कोरोना वायरस महामारी के असर और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बोलते हुए सिंह ने कहा कि भारत में मौजूद वित्त वर्ष के शुरुआती पांच महीनों में 35.73 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। राजनाथ सिंह ने कहा, ''यह हमारी आर्थिक मजबूती है...कि अप्रैल से अगस्त 2020 के बीच भारत में अबतक का सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। इस वित्त वर्ष के शुरुआती पांच महीनों में 35.73 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है जो पिछले वित्तवर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है।

## राम पथ पर छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार, जोड़ा गया नया रिश्ता

एजेंसी

छत्तीसगढ़। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार 17 दिसंबर को 2 वर्ष का अपना कार्यकाल पूरा करने



जा रही है। इस अवसर पर राज्य सरकार ने कई तरह के भव्य आयोजनों की तैयारी की है। यह आयोजन एक तरफ जहां भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार के सफलतम 2 साल के पूर्ण होने की गाथा को बयां करेगा तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष के दांव–पेंच पर भी नकेल कसेगा। हालांकि आप यह सोच रहे होंगे कि अपने वर्षगांठ पूरे होने पर हर सरकार कई तरह के आयोजन करते हैं, ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार इस बार क्या अलग करने जा रही है? आज हम इसी के बारे में आपको बताएंगे। दरअसल, भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने इस पूरे आयोजन का थीम भगवान राम पर रखा है। ऐसे में आप यह सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है या फिर भाजपा की? ऐसे में आपको एक बार फिर बता दे कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की ही सरकार है। आप किसी भ्रम में ना रहे। दरअसल, इस बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस भाजपा के सबसे मजबूत एजेंडे में सेंधमारी करने की कोशिश कर रही है। जाहिर सी बात है कि ऐसे में भाजपा की परेशानी बढ़ सकती है। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। दरअसल, अब प्रभु राम से छत्तीसगढ़ का रिश्ता भी जोड़ा जा रहा है और यह रिश्ता है भांजे का।

दरअसल मान्यता यह है कि भगवान श्री राम की मां कौशल्या का मायका छत्तीसगढ़ में ही था। हालांकि कांग्रेस का यह आयोजन भाजपा को रास नहीं आ रहा है। भाजपा लगातार यह दावा कर रही है कि वह कांग्रेस ही हैं जो राम मंदिर के निर्माण में सबसे ज्यादा रोड़े अटकाने का काम किया है। हालांकि, भूपेश बघेल सरकार द्वारा इस आयोजन का राजनीतिक उद्देश्य भी काफी बड़ा माना जा रहा है। सरकार के 2 साल पूरे होने के जो कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है उसकी शुरुआत 14 दिसंबर से होगी। यह आयोजन 17 दिसंबर तक लगातार जारी रहेगा। 14 दिसंबर को राज्य के दोनों छोड़ो से एक बाइक रैली की शुरुआत होगी जो भगवान राम के वन गमन वाले रास्ते से होकर चलेंगी।

जगह–जगह पुष्प वर्षा होंगी और इनका स्वागत किया जाएगा। यह दोनों रैली 17 दिसंबर को चंदखुरी में मिलेगी जहां सरकार के लोग मौजूद होंगे और यही मुख्य कार्यक्रम भी होगा। आपको बता दें कि चंदखुरी ही माता कौशल्या का जन्म स्थल है। इसके अलावा माना जाता है कि 14 साल के वनवास के दौरान छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम ने अपना बड़ा वक्त गुजारा था। बघेल सरकार ने इन स्थानों को चिन्हित कर लिया है और विकसित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

## कृषि कानून किसान विरोधी हैं, महंगाई बेतहाशा बढ़ेगी–अरविंद केजरीवाल

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नये कृषि कानूनों को 'किसान विरोधी और आम आदमी विरोधी' करार देते हुए सोमवार को कहा कि इनसे बेतहाशा महंगाई बढ़ेगी और इससे केवल कुछ पूंजीपतियों को फायदा होगा। प्रदर्शनकारी किसानों के समर्थन में आम आदमी पार्टी के दफ्तर में एक दिन के अनशन में शामिल हुए केजरीवाल ने कहा कि नये कृषि कानून 'महंगाई को लाइसेंस' देने वाले हैं। किसान नेताओं ने सोमवार को केंद्र के नये कृषि कानूनों के खिलाफ एक दिन की भूख हड़ताल की और कहा कि बाद में शाम को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन होंगे। केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कानून कहता है कि लोग जितना चाहें, जमाखोरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं पार्टियों से किसानों के मुद्दे पर गंदी राजनीति नहीं करने की अपील करता हूं। ये कानून किसान विरोधी और आम आदमी विरोधी हैं और कुछ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए हैं। इन कानूनों से जमाखोरी के जरिये बहुत महंगाई बढ़ेगी।'' केजरीवाल ने कहा कि इन कानूनों की वजह से गेहूं आने वाले सालों में चार गुना महंगा हो जाएगा।

## किसानों का प्रदर्शन: भाजपा की पंजाब इकाई के नेताओं ने राजनाथ सिंह से मुलाकात की



एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के बीच भाजपा की पंजाब इकाई के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर मुद्दे पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख अश्वनी शर्मा और केंद्रीय मंत्री सोमप्रकाश के साथ राज्य से पार्टी के नेता सुरजीत ज्याणी और हरजीत ग्रेवाल भी शामिल थे।

उन्होंने यहां सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। समझा जाता है कि पंजाब के नेताओं ने किसान आंदोलन पर चर्चा की, जिसमें अधिकतर पंजाब के किसान शामिल हैं। उन्होंने सिंह को राज्य में जमीनी स्थिति से भी अवगत कराया। पंजाब और हरियाणा सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों किसान दो हफ्ते से ज्यादा समय से दिल्ली की सीमाओं पर तीनों कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

## बंगाल में हमले के बाद केंद्र ने विजयवर्गीय की सुरक्षा बढ़ाई, बुलेट प्रूफ कार मुहैया कराई गई

एजेंसी

नयी दिल्लीध्कोलकाता। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय की वीआईपी सुरक्षा में वृद्धि की गई और पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान उन्हें बुलेट प्रूफ कार मुहैया कराई गई है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को 64 वर्षीय भाजपा महासचिव के काफिले में बख्तरबंद वाहन को शामिल करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वह एसयूवी में ही यात्रा करें। उन्होंने बताया, ''विजयवर्गीय की सुरक्षा में वृद्धि की गई और उनके काफिले में बुलेट प्रूफ वाहन शामिल किया गया है। यह बदलाव भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हुए हमले के दौरान उनके वाहन को निशाना बनाने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर किया गया है। उल्लेखनीय कि पिछले साल फरवरी से ही सीआईएसएफ 'जेड' श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा विजयवर्गीय को मुहैया करा रही है। इसके तहत 16 सीआईएसएफ के सशस्त्र कमांडो और पायलट व एस्कॉर्ट वाहन सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति की सुरक्षा करते हैं। विजयवर्गीय के वाहन को 10 दिसंबर को दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर इलाके में उस समय निशाना बनाया गया जब वह भाजपा अध्यक्ष के साथ जा रहे थे। दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने सोमवार दोपहर को कोलकाता पहुंचे विजयवर्गीय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुरक्षा बढ़ाए जाने की पुष्टि की। उन्होंने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, ''केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार मुझे बुलेट प्रूफ वाहन मुहैया कराया गया है।'' उल्लेखनीय है कि 10 दिसंबर को भाजपा अध्यक्ष के काफिले पर डायमंड हार्बर इलाके में पथराव किया गया था, जिसकी वजह से काफिले में शामिल कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। सूत्रों ने बताया कि इस हमले में विजयवर्गीय और भाजपा उपाध्यक्ष मुकुल रॉय को चोटें आई थीं। बता दें कि नड्डा को भी 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) मुहैया कराता है और उन्हें भी बुलेट प्रूफ कार यात्रा करने के लिए मिली हुई है।

# सम्पादकीय

## अफगानिस्तान में भारत की चिंता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान में शांति बहाली के लिए ऐसी प्रक्रिया की आवश्यकता है, जिसका नेतृत्व खुद अफगानिस्तान करे और इस पर उसका स्वामित्व और नियंत्रण भी हो. उन्होंने पिछले दो दशकों की उपलब्धियों को संरक्षित रखने की जरूरत पर भी जोर दिया. भारत–उज्बेकिस्तान डिजिटल शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से एकजुट खड़े हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी हमारा नजरिया एक जैसा है. अफगानिस्तान पर प्रधानमंत्री मोदी का बयान ऐसे वक्त आया है, जब अफगान शांति प्रक्रिया गति पकड़ रही है. कुछ महीने पहले ही अफगानिस्तान के शीर्ष शांति वार्ताकार अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी और उन्हें अफगान सरकार तथा तालिबान के बीच दोहा में चल रही शांति वार्ता के बारे में अवगत कराया था. पिछले साल दोहा शांति वार्ता के शुरू होने के बाद से लेकर आज तक जो कुछ भी परिवर्तन हुए हैं, वे बहुत सुकूनदेह नहीं हैं. अफगानिस्तान में तालिबान की ताकत निरंतर बढ़ती जा रही है. चिंता का विषय यह भी है कि वहां विदेशी शक्तियों की एक बड़ी जमात अपनी मजबूत पैठ बना चुकी है. इस बात का खुलासा सयुंक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दर्ज है, जो जुलाई, 2020 में प्रकाशित हुई थी. ऐसे तत्वों में हक्कानी ग्रुप के साथ पाकिस्तान के जैशे मोहम्मद और अन्य आतंकवादी गिरोह शामिल हैं. पाकिस्तान की आइएसआइ के नक्शेकदम पर हक्कानी गिरोह काम करता है. यह भी मसला गंभीर है कि इन आतंकी गिरोह की बड़ी फौज पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर तैनात है. इसलिए ऐसी आशंका है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान मुद्दे को लेकर कश्मीर में अपनी आतंकी गतिविधियों को तेज करेगा क्योंकि अमेरिकी सेना की वापसी के बाद पाकिस्तान के हाथ में कमान होगी. इसी वर्ष जून में चीन, पाकिस्तान और तालिबान के बीच वार्ता हुई थी. अर्थात चीन पाकिस्तान के जरिये अफगानिस्तान को अपने कब्जे में करना चाहता है और उसकी व्यूह रचना भी बन चुकी है. भारत की चिंता लाजमी है. भारत शुरू से यह कहता आ रहा है कि अफगानिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था अफगान लोगों के दिशा–निर्देश में चले. लेकिन दोहा वार्ता हर पहलु से एकांगी है. इसमें तालिबान की शक्ति और हित का संवर्धन हुआ है, न कि अफगानियों का. साल 1996 से लेकर 2001 के बीच तालिबान के जुल्म को दुनिया देख चुकी है. इस बार का तालिबान पिछले तालिबान से ज्यादा मजबूत होगा. चीन और पाकिस्तान की नीयत भारत के विरुद्ध है, इसलिए चिंता और बढ़ जाती है. अफगानिस्तान में शांति के सवाल पर कतर की राजधानी दोहा में कई महीनों से बातचीत चल रही है. अफगान सरकार और तालिबान के बीच अभी भी युद्ध जैसी स्थिति है. तालिबान ने सरकारी ठिकानों पर हमला जारी रखा हुआ है. विश्लेषकों के मुताबिक, अगर यह बात सही है कि प्रगति दिखाने की मजबूरी में समझौता किया गया है, तो इसमें आगे दिक्कतें आ सकती हैं. उन्होंने ध्यान दिलाया कि दोनों पक्षों में अभी किसी मुख्य मुद्दे पर सहमति नहीं बनी है, बल्कि सिर्फ यह सहमति बनी है कि दोनों पक्ष इन मुद्दों पर बातचीत जारी रखेंगे. इसलिए इस करार से ज्यादा उम्मीद की गुंजाइश नहीं है. जानकारों ने यह ध्यान भी दिलाया है कि इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका अमेरिका की है. अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकता थी. लेकिन अब निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की क्या नीति होगी, इस बारे में अभी स्थिति साफ नहीं है. क्या बाइडन प्रशासन ट्रंप के दौर में तालिबान से हुए समझौते पर कायम रहेगा, यह भी साफ नहीं है. वैसे जो समझौता अब हुआ है, उस पर पिछले महीने ही सहमति बन गयी थी, पर तब तालिबान ने आखिरी वक्त पर उस पर दस्तखत करने से इनकार कर दिया. इसकी वजह यह थी कि समझौते की प्रस्तावना में एक पक्ष को अफगान सरकार कह कर संबोधित किया गया था. तालिबान मौजूदा अफगान सरकार को अफगान जनता का वैध प्रतिनिधि नहीं मानता. अब तालिबान ने कहा है कि प्रस्तावना कैसे तय होगी, इस बारे में बातचीत होगी. इसके लिए संयुक्त कार्य समिति बनी है. साफ संकेत हैं कि तालिबान अपनी बात मनवाने में कामयाब रहा है, जिससे पाकिस्तान का खुश होना लाजिमी है. पिछले दो दशकों में भारत ने अफगानिस्तान में बड़ी रकम खर्च की है. भारत की पहल विकास की रही है, जिसके तहत सड़क, डिजिटल नेटवर्क, हॉस्पिटल और स्कूल बनाये गये. वहां के लोग भारत की कोशिश की खूब तारीफ भी करते है.लेकिन बाधा पाकिस्तान की नीयत है. साल 1996 से 2001 की तालिबानी सरकार का कोई भी संबंधा भारत के साथ नहीं था. भारत ने उसे कूटनीतिक मान्यता भी नहीं दी थी. लेकिन इस बार की समस्या कुछ और ही है. भूराजनीतिक समीकरण बदल चुका है. चीन भारत के प्रति आक्रामक है. पाकिस्तान सीमावर्ती इलाको में आतंकी घुसपैठ करा रहा है. जम्मू–कश्मीर के बुनियादी आंतरिक परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए चीन और पाकिस्तान नयी रणनीति बना रहे है. इसमें अफगानिस्तान का मसला अहम बन सकता है. तालिबान का वर्चस्व बढ़ने से भारत की समस्या बहुत गंभीर बन जायेगी. इसलिए अमेरिका समेत दुनिया को तालिबान की वापसी को गंभीरता से लेना होगा।

## धरती बचाने का संघर्ष

जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के बढ़ते तापमान की चुनौती मानव समेत तमाम जीव–जंतुओं के अस्तित्व के सामने आज सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है. पांच साल पहले फ्रांस की राजधानी पेरिस में दुनियाभर के देशों ने इस समस्या के समाधान का संकल्प लिया था. भारत धरती बचाने के संघर्ष में अग्रिम मोर्चे पर खड़ा है.

पेरिस जलवायु समझौते के पांच साल पूरे होने के अवसर पर हुई ऑनलाइन बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि 2005 की तुलना में भारत ने अपने उत्सर्जन में 21 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी की है. उन्होंने घोषणा की कि भारत अपने निर्धारित लक्ष्यों की सीमा को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है.

प्रधानमंत्री मोदी ने आह्वान किया है कि सभी देशों को न केवल अपने लक्ष्यों का विस्तार करना चाहिए, बल्कि अब तक की उपलब्धियों की समुचित समीक्षा भी होनी चाहिए, ताकि हम भावी पीढ़ी के लिए भरोसेमंद हो सकें. इस आह्वान का महत्व इसलिए बढ़ जाता है कि अधिकतर देशों ने समझौते के संकल्प के अनुरूप तत्परता नहीं दिखायी है, जबकि जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, तूफान, आंधी, जंगली आग, चक्रवात और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता बढ़ती जा रही है, ध्रुवीय बर्फ के पिघलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ता जा रहा है तथा वायु व जल प्रदूषण एवं भूक्षरण की समस्या गंभीर हो रही है. स्वच्छ ऊर्जा पर जोर के बावजूद जीवाश्म स्रोतों के निर्बाध उपयोग के कारण कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ रहा है. वैश्विक स्तर पर पानी और वन संपदा का अंधाधुंध दोहन जारी है. यह संतोष की बात है कि 45 देशों ने 2030 के लिए अपने लक्ष्यों को घोषित किया है तथा भारत समेत अनेक देशों में इस संबंध में सराहनीय परिणाम सामने आ रहे हैं, लेकिन यह समस्या समूची धरती के अस्तित्व से संबद्ध है. संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतेरेस ने रेखांकित किया है कि धनी देश महामारी रोकने के लिए निर्धारित राशि का आधे से अधिक हिस्सा स्वच्छ ऊर्जा के बजाय जीवाश्म ईंधनों पर खर्च कर रहे हैं. आशा है कि महामारी से उबरने के बाद पूरा विश्व धरती बचाने में जुटेगा.

# किसान संगठन के आवाहन पर सैकड़ों किसानो ने सड़क पर आकर किया आंदोलन

कछौना (हरदोई) । कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का गुस्सा धीरे–धीरे सड़कों पर आने लगा है। 18 दिनों से सिंधु बॉर्डर पर बैठे किसानों के संगठन के आवाहन पर कछौना क्षेत्र के दर्जनों गांव टिकारी, गाजू, दीननगर,ऑँटसाट, कुकुही, कामीपुर, रैसों के सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्राली, पैदल पुरुष महिलाएं युवा सोमवार को सड़क पर आ गए। वह सभी हरदोई मुख्यालय पर कूच के लिए निकल पड़े। पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया, प्रशासन के काफी समझाने के प्रयास पर ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने की बात मानी। किसानों की मुख्य मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उनकी उपज को खरीदने की गारंटी दी जाए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य के नाम पर क्रय केंद्र खोलकर केवल किसानों के साथ छलावा किया जा रहा है। क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारी व राइस मिलर्स के काकस के आगे किसान



अपनी उपज नहीं बेंच पाते हैं। आज भी वह औने पौने दामों में अपनी उपज बेचने को विवश है। मार्केट में आढ़तियों के हाथ धान बिक्री पर अधिकतम 1100 रुपए में धान का मूल्य मिल रहा है। कहां कंपनियां आकर किसानों का धान खरीद रही हैं, नए कानूनों से मंडी व्यवस्था कमजोर होगी। बड़े कारपोरेट घरानों का कब्जा किसानों की जमीन पर हो जाएगा। पराली जलाने के नाम पर किसानों पर मुकदमे लिखे जाते हैं। सरकार को इसका विकल्प देना चाहिए, पराली जलाने के नाम पर राजस्वकर्मी व पुलिसकर्मी प्रताड़ित करते हैं। इस कानून को तत्काल हटाया जाए। शीघ्र ही किसान आयोग का गठन किया जाए। स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू कर किसानों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए। भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश शुक्ला ने बताया पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों की कोई मांग पूरी नहीं की गई है। यहां तक विकासखंड में अभी तक धान क्रय केंद्र ही खोला गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। किसानों का धरना प्रदर्शन लगभग 2 घंटे तक चलता रहा किसान संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे को सौंपा। जिसके बाद धरना प्रदर्शन खत्म हुआ। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रवादी) की तरफ से किसान बुद्ध सिंह, सतनाम सिंह, सिमरन सिंह, शमशेर सिंह शेरा, कमलजीत सिंह, सरबजीत सिंह, पप्पू प्रधान, सरदार मोहर सिंह, कौशल मौर्य, अवधेश मौर्य, दिनेश, प्रदीप मौर्य सहित सैकड़ों की संख्या में पुरुष–महिला किसान मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी हरियावां एस.आर. कुशवाहा व प्रभारी निरीक्षक हंसमती के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा।

# किसान आंदोलन के समर्थन में हरदोई के सपाइयों का जोरदार प्रदर्शन

### सपा उग्र प्रदर्शन कर रहा है सपाइयों को गिरफ्तार कर ले जाया गया पुलिस लाइन, देर शाम किया गया रिहा

### सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष डाक्टर राजपाल कश्यप संडीला में हुए गिरफ्तार

हरदोई ! समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर हरदोई समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल के नेतृत्व में किसानों की मांगो के समर्थन हरदोई कचेहरी में धरना प्रदर्शन किया गया । सपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने ने बताया कि पुलिस प्रसाशन सरकार के इशारे पर मुझे व जनप्रतिनिधियों नेताओं कार्यकर्ताओं को धरना स्थल पर नहीं पहुँचने देना चाहते थे लेकिन फिर भी जिलाध्यक्ष धरने पर बैठे बैठते ही कुछ ही देर में पुलिस ने जिलाध्यक्ष जीतू वर्मा व जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह को जबरन गिरफ्तार करके पुलिस लाइन ले आये । जीतू वर्मा ने बताया कि पुलिस ने हमारे नेताओं कों घर पर ही नजरबंद करने की साजिश की लेकिन फिर भी पूर्व सांसद ऊषा वर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी,पूर्व प्रत्याशी, पदमराग सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी सुभाष पाल, जिला महासचिव वीरेन्द्र सिंह यादव वीरे , जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह, डी डी वर्मा, अमित सिंह मीतू , धर्मवीर यादव, जब्बार खां नगर अध्यक्ष रियाशत खां, युवा व फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष नीरज अवस्थी, हरिनाम यादव , फैजान फैजी, प्रशांत मिश्रा , सईद अहमद, सतेंद्र यादव सत्या, आर एन सिंह, सी पी सिंह यादव महिला अध्यक्ष गीता सिंह पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर गिरफ्तार कर जबरन गाड़ी में भरकर पुलिस लाईन ले गए । सपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने बताया कि समाजवादी पार्टी के एम एल सी डॉ राजपाल कश्यप, सपा एम एल सी मिस्बाहुद्दीन, पूर्व एम एल सी अवध कुमार सिंह बागी, विधान सभा अध्यक्ष आर पी यादव पूर्व प्रत्याशी मुजीब खां, हसन मक्की, अकील अंसारी को सण्ड़ीला पुलिस ने गिरफ्तार कर निरिक्षण भवन में नजरबंद कर दिया । पूर्व प्रत्याशी शाहाबाद सरताज खां, पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू, जिला उपाध्यक्ष रहमत अली मोनू को शहाबाद व पाली पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने पर रखा बालमाऊ में पुलिस ने विधानसभा अध्यक्ष अजीम हैदर, जानर्धन शुक्ला , जमील अहमद , सहित तमाम नेताओं को गिरफ्तार किया । पुलिस की कार्यशैली से नाराज सपा जिलाध्यक्ष जीतू वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में किसानों की मांग उठाने को लेकर सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन सरकार जिस तरह से दमनकारी तरीके से हमारे नेताओं कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज किया उसके लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है ।उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा लाठी चार्ज में हमारे कई नेताओं कार्यकर्ताओं को चोटे आयी है मेरे पैर में चोट लगी है जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह के चोट लग गई सपा जिला महासचिव वीरेन्द्र सिंह यादव वीरे का पैर फट गया, अधिवक्ता सभा अध्यक्ष सी पी सिंह यादव का सर फट गया हाँथ टूट गया, यूथ अध्यक्ष हरिनाम यादव का हाँथ टूट गया , युवा नेता धीरज अर्कवंशी का हाँथ टूट गया सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि लाठी चार्ज में पूर्व सांसद ऊषा वर्मा पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी ,सन्तराम यादव पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन राम प्रताप यादव को चोट आयी है। सपा जिलाध्यक्ष लाठी चार्ज से नाराज दिखे उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मोदी योगी जैसी सरकारों का होना लोकतंत्र का अपमान है जो सरकारें किसानों व जनता का शोषण करती है ऐसी सरकारें जनता की हितैषी नहीं हो सकती उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मांग न मानकर उन लाठी चार्ज कर रही है किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए नेता







कार्यकर्ता जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल जिलाध्यक्ष सपा , एम एल सी डॉ राजपाल कश्यप, एम एल सी मिस्बाहुद्दीन , पूर्व सांसद ऊषा वर्मा पूर्व विधान राजेश्वरी देवी, पूर्व प्रत्याशी पदमराग सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी सुभाष पाल पूर्व , जिला महासचिव वीरेन्द्र सिंह यादव वीरे,जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह, डी डी वर्मा, अमित सिंह मीतू , जब्बार खां, धर्मवीर यादव , नगर अध्यक्ष रियाशत खां, महिला अध्यक्ष गीता सिंह, जिला सचिव प्रदीप राजवंशी, धर्मेन्द्र प्रताप राठौर ,हसन मक्की , रजनीश यादव,वीरपाल सिंह यादव , चन्द्रशेखर पाल आदर्श दीपक मिश्रा नगमा, शवाना, , रिजवाना , यादवेंद्र यादव, चांद मियाँ, ,शराफत अली , यतींद्र यादव,सूरज सत्यार्थी, धीरज अर्कवंशी ,अफसर अली , अजबू यादव , हरिपाल यादव अनिरुद्ध यादव , मो फुरकान,प्रमोद गुप्ता , अजय पांडे, अहमर खां, प व पूरे जिले से लगभग 1 हजार नेताओं कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की गई। सिंह, अनमोल गुप्ता मोनू , प्रशांत मिश्रा , सईद अहमद, ,साहब हसन साबू एडवोकेट,, कृष्ण पाल गुड्डू

## पूर्व विधायक बब्बू बेहटागोकुल में गिरफ्तार

शाहाबाद। समाजवादी पार्टी में हाल ही में शामिल हुए पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू को उनके समर्थकों के साथ बेहटा गोकुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । पूर्व विधायक श्री बब्बू जनपद मुख्यालय पर किसान आंदोलन में भाग लेने जा रहे थे। प्रशासन ने सपा नेता और किसान नेताओं को एक दिन पहले से ही ढूंढना शुरू कर दिया था। पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू अपने समर्थकों के साथ शाहाबाद से तो निकल गए। परंतु बेहटा गोकुल पुलिस की नजर से नहीं बच सके। बेहटा गोकुल पुलिस ने कोतवाली के सामने श्री बब्बू को उनके समर्थकों के साथ गिरफ्तार कर लिया। समाचार लिखे जाने तक पूर्व विधायक बेहटा गोकुल पुलिस कस्टडी में है।



## समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं प्रत्येक क्षेत्र में बढ़चढ़कर हिस्सेदारी निभानी होगी:–अविनाश कुमार

हरदोई,। शासन की मंशानुसार महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाये जाने के उद्देश्य से संचालित




मिशन शक्ति अभियान को खुला मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आर्य कन्या पाठशाला इन्टर कालेज में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूल की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत गाकर जिलाधिकारी सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मिशन शक्ति अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं प्रत्येक क्षेत्र में बढ़चढ़कर हिस्सेदारी निभानी होगी। जिससे कि उनके आत्म विश्वास, उत्साह एवं आत्म गौरव की भावना में वृद्धि हो तथा महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबर का सम्मान मिल सके। उन्होने कहा कि यदि कही भी असुरक्षा महसूस हो तो उस वक्त महिला हेल्प लाइन सहित पुलिस विभाग एवं प्रशासन के नम्बरों पर तत्काल सूचित करे, ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सके। इसके उपरान्त बालिकाओं द्वारा पूँछे गये सवालों सहित विभिन्न जिज्ञासाओं का जवाब भी दिया। यह कार्यक्रम दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्र के सौजन्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला महिला कल्याण अधिकारी प्रियंका पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड गीतेश नन्दिनी रस्तोगी, प्रधानाचार्या मधु अस्थाना, प्रबन्धक राजीव रंजन मिश्र, दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्र के जिला संवाददाता अनूप शुक्ला सहित शाहनवाज खान, सत्येन्द्र पाण्डेय, मुकुल रस्तोगी, राहुल, जीतेन्द्र एवं समस्त स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रही।

## कड़कड़ाती ठंड से बचाने के लिए समाजसेवी निहाल खान ने गरीब विधवाओं वृद्धों में बांटे कंबल

संवाददाता नफीस अहमद नेहाल अहमद बिलग्राम।।

बिलग्राम नगर में समाजसेवी निहाल खान ने गरीबों को ठंड से बचाने के लिए बाटे कंबल। अधिक सर्दी के मौसम के बचाव के लिए सैकड़ों की तादाद में कंबल बांटे जिसको लेने के लिए आसपास गांव के उमड़े गरीब लोग। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे दी दुआएं इस दौरान सभासद पुत्तन खान सभासद डॉ शहीद समीम खान काजी फाजिल लाल खान उर्फ बच्चू गुड्डू रेहान आदि लोग मौजूद रहे।।



# समाजवादियों का मौन व्रत धरना बोले सरकार को जगाने का प्रयास

उन्नाव। समाजवादियों का निरंतर प्रदर्शन का क्रम जारी है गिरफ्तारी नजरबंदी के बाद सोमवार को सुबह से ही कलेक्ट्रेट परिसर में समाजवादी नेताओं का आने के सिलसिले की शुरुआत हुई लगभग 11रू00 बजे के बाद भारी भीड़ के साथ जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक मंत्री कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर परिसर में मौन धरने पर बैठ गए दो से ढाई घंटे चले धरने में दूर दराज से सपाइयों का आने का सिलसिला निरंतर चलता रहा लगभग 2रू00 बजे सिटी मजिस्ट्रेट चंदन पटेल को ज्ञापन सौपने के बाद समाप्त हुआ । इस दौरान समाजवादी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बोले समाजवादी पार्टी निरंतर कृषि बिल का विरोध कर रही है जिसके परिणाम स्वरूप आज हम लोगों ने मौन धरना भी दीया है हम यह बताना चाहते हैं जो कृषि बिल है पूंजी पतियों के लिए फायदेमंद है बोले सिटी मजिस्ट्रेट यहां मौजूद है मैं कहना चाहता हूं जिस तरीके से उन्नाव का प्रशासन सरकार के इशारे पर हम हमारे नेताओं को नजर बंद गिरफ्तारी की जा रही है वह तरीका लोकतांत्रिक नहीं है हमें शादी समारोह में भी जाने नहीं दिया जा रहा है हमारे फोन को ट्रैक




किया जा रहा है आज हम यहां मोबाइल स्विच ऑफ कर सड़कों को छोड़कर गलियों के सहारे मोटरसाइकिल से यहां तक पहुंचे तानाशाही रवैया सरकार अपना रही है मैं प्रशासन के लोगों से कहना चाहता हूं सरकारी आती जाती रहती है । सपा एमएलसी सुनील सिंह साजन ने भी पत्रकारों से वार्ता की सरकार पर जमकर हमला बोला। बोले देश के किसानों का दुर्भाग्य कहूंगा जो किसान अपने उगाए गए अनाजों से पेट भरते हैं आज वही किसान दिल्ली की सड़कों पर भूखे धरना करने को मजबूर है पूरे देश में किसान आंदोलन कर रहे हैं समाजवादी पार्टी लगातार सात दिनों से किसानों के आंदोलन को समर्थन कर रही है आज हम लोगों ने भी मौन रखकर धरना दिया इसलिए दिया कि किसानों के मुद्दे पर दिल्ली सरकार मौन है किस तरीके से केंद्र सरकार रेलवे बेच रही है एयरलाइंस बेच रही है क्या अब वह समय आ गया है जब किसानों की जमीन भी हिटलर वाली सरकार बेच देगी देश के प्रधानमंत्री ने कहा था किसानों की आय दुगनी करेंगे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोग जानना चाहते हैं किसानों की आय दुगनी कैसे होगी सरकार में शामिल लोग किसानों को माओवादी बता रहे हैं नक्सलवादी बता रहे हैं हम बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहते हैं उन लोगों से कि वह अपना डीएनए टेस्ट करवा ले वो हिंदुस्तानी नहीं हो सकते उनका डीएनए नाथूराम गोडसे से मैच करेगा जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गोली मारी थी सहित तमाम मुद्दों पर सपा प्रवक्ता एमएलसी सुनील सिंह साजन ने जमकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए इस दौरान प्रशासन की तरफ से बैरी कटिंग के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा जिला मुख्यालय को जाने वाले तमाम रास्तों पर पुलिस की तैनाती दिखाई दी !

# एक्सिस बैंक में अव्यवस्था के चलते ग्राहकों को हो रही है घोर परेशानी

शाहाबाद(हरदोई)एक्सिस बैंक में कुप्रबंधन के चलते ग्राहकों को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एक्सिस बैंक में अव्यवस्थाओं के चलते उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। बैंक की स्थिति काफी खराब है। आलम यह है कि ग्राहकों को अपनी ही जमा पूंजी निकालने के लिए यहां चक्कर काटने पड़ते हैं। बैंक भवन भी काफी सकरा और छोटा है, जिसके कारण 10 से 15 लोगों में ही बैंक भर जाता है और लोगों का काम नहीं हो पाता है।दिनभर कैशियर व ग्राहकों में नोंक झोंक होते देखी जा सकती है।इस बैंक कैशियर अकारण ग्राहकों से वाउचर बदलकर भरवाता रहता है।अम्बरीष कुमार सक्सेना,नेहा,अनुज मिश्रा,अजहर,समेत अनेक ग्राहकों ने एक्सिस बैंक में व्याप्त अव्यवस्था पर असंतोष प्रकट किया है। बैंक में पैसा जमा करने के लिए ग्राहकों को बैंक के बाहर तक लम्बी लाइन लगानी पड़ती है, वहीं निकासी के लिए भी परेशान होना




पड़ता है।इस बैंक में खाताधारकों की संख्या भी बढ़ी है।परन्तु व्यवस्थाएं नहीं बदलीं। ज्ञात हो कि बैंक में प्रतिदिन सैकड़ों लोग लेन देन करते हैं, लेकिन बैंक की जगह छोटी व भीड़ को देखते ही कई लोग बिना अपना कार्य निपटाए वापस लौट जाते हैं । गौरतलब हो कि एक्सिस बैंक की इस ब्रांच मे कहने को तो पर्याप्त स्टाफ है किंतु इसके अनुरूप खाताधारकों को सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। यहां आये दिन लिंक फेल होने की समस्या भी बनी रहती है।शाखा प्रबंधक से अगर कोई पूंछ ले, कि सर्वर कब तक सुचारू रूप से कार्य करेगा तो वह झल्लाकर जवाब देते देखे जा सकते हैं। बैंक परिसर छोटा होने से उपभोक्ताओं को पैसा जमा करने व निकासी में दिक्कतें आ रही हैं। जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।व्यापारी वर्ग भी बैंक की कार्य पद्धति से नाराज है।क्रेडिट कार्ड धारक आए दिन बैंक और बैंक के कर्ता धर्ताओं को कोसते रहते हैं।बैंक के पास वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में ग्राहक किसी नई जगह पर बैंक को स्थापित किए जाने की मांग कर रहे हैं। यहां के अधिकांश उपभोक्ताओं का कहना है कि शाहाबाद क्षेत्र में निजी क्षेत्र के दो बैंक, आई सी आई सी आई एवं एक्सिस बैंक है।परन्तु दोनों ही प्राइवेट बैंकों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जिससे काफी दिक्कतें हो रहीं हैं। यदि एक्सिस बैंक को दूसरे स्थान पर परिवर्तित कर दिया जाए तो खाताधारकों को कुछ राहत मिल सकती है। शाखा प्रबंधक पंकज श्रीवास्तव मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी,जीवन बीमा पॉलिसी एवं अन्य कार्यों के प्रति अपनी सक्रियता दिखाते हैं परन्तु ग्राहकों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह से उदासीन एवं लापरवाह हैं।

## दो बाइकों की भिड़ंत, एक घायल

शाहाबाद। हाईवे पर अल्लाह पुर चुंगी के निकट एक ही साइड में चल रहे दो बाइक आपस में भिड़ गयी। जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार विमलेश ग्राम शिरोमण नगर बताया गया है। राहगीरों ने उसे अस्पताल भिजवाया। दूसरा बाइक सवार मामूली चोट होने के कारण फरार हो गया।

## मनचला गिरफ्तार

शाहाबाद। रास्ता चलती महिलाओं और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने और उन पर फब्तियां कसने के आरोप में उप निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने गिगियानी निवासी रवि पुत्र रामस्वरूप रैदास को गिरफ्तार कर धारा 294 के अंतर्गत कार्रवाई की है।

## डीजे को लेकर मारपीट, एक घायल

शाहाबाद। शादी में डीजे को लेकर हुए विवाद के कारण कुछ दबंगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी । घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खलील निवासी राम रूप पुत्र जगदीश के अनुसार उसकी बहन की शादी में डीजे लगा हुआ था। डीजे के विवाद को लेकर कमलेश, दिलीप, जगरूप पुत्रगण प्रह्लाद ने उसे लात घूसों एवं डंडों से पीटा। जिससे उसे काफी चोटें आई। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

## तेज रफ्तार रोडवेज ने कार में पीछे से मारी टक्कर, दो महिलाएं घायल

शाहाबाद। एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। और कार में बैठी दो महिलाएं मामूली रूप से घायल हुई। एक कार हरदोई की ओर से आ रही थी । किसी जानवर को बचाने के चक्कर में उसने तेजी से ब्रेक मारे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार दो महिलाएं भी घायल हुई है। रोडवेज बस को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## कच्ची शराब उपकरण सहित महिला गिरफ्तार

शाहाबाद। सरदार गंज पुलिस चौकी के इंचार्ज राजेश्वर त्रिपाठी ने काशीराम कॉलोनी से सिम्मी पत्नी स्वर्गीय सर्वेश को शराब बनाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब तथा शराब बनाने के तमाम उपकरण बरामद हुए हैं। महिला के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

# गाँव से शहर तक सड़क पर उतरे किसान

## – ट्रैक्टर ट्रालियों में भर कर निकले भाकियू कार्यकर्ता

संवाददाता

मथुरा। किसान आंदोलन की चकल्लस गाँव–गाँव पहुंच चुकी है। जिला प्रशासन



की लाख मुस्तैदी के बावजूद सोमवार को किसान शहर से गांव तक सडक पर उतर आया। जिला मुख्यालय पर जहां भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में प्रदर्शन करने के लिए दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों ने कूंच किया वहीं देहात में राया, महावन, बल्देव, बरसाना, नंदागांव, छाता, मांट, कोसीकला आदि तमाम स्थानों पर किसानों ने प्रदर्शन किया। राया में बडी संख्या में किसान सडक पर उतर आये। हाथों में गन्ने के पेड और स्लोगन लिखीं तख्तिया थाने किसानों ने सडक पर प्रदर्शन किया। ये किसान गांव बिसावली से चलकर आये थे। महावन तहसील में किसान संगठन के नेतृत्व में किसानों का धरना जारी रहा। इस तरह के विरोध प्रदर्शन जगह जगह देखने को मिले। दूसरी और बाजाना में यमुना एक्सप्रेस वे के नजदीक मौरकी मोड पर जमे किसान नेता रामबाबू कटैलिया के समर्थन में सैकडों की संख्या में किसान जुटे रहे। रामबाबू कटैलिया को लेकर जिला प्रशासन को सबसे ज्यादा माथापच्ची करनी पड रही है। खांटी किसान नेता की छवि रामबाबू पहले ही गढ चुके हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष राजकुमार रावत के नेतृत्व में दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों में भर कर किसानों ने बल्देव क्षेत्र से जिला मुख्यालय के लिए कूंच किया। यह कारवां जैसे जैसे आगे बढ रहा किसानों की संख्या भी बढ रही थी। जिला प्रशासन ने बडी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। भाकियू के जनपद में जनाधार को देखते हुए जिला प्रशासन भाकियू के प्रदर्शन को लेकर पहले से ही चौकन्ना था। किसानों का आरोप था कि सरकार उनके हितों पर कुठाराघात कर रही है। उन्हें उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। सरकार तीन कानून और लेकर आ गई है। यह कानून किसानों को बर्बाद कर के रख देंगे।

## बघौली पुलिस ने सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शराफत अली को मो अयूब के साथ घर पर नजरबंद



बघौली किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सोमवार को जिला मुख्यालय हरदोई पर होने वाले धरना प्रदर्शन को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने समाजवादी पार्टी हरदोई के पूर्व जिलाध्यक्ष शराफत अली व उनके पुत्र मो अयूब को देर रात तीन बजे से ही भारी पुलिस बल द्वारा सिकन्दरपुर स्थित आवास पर नजरबंद कर दिया सोमवार सुबह धरना प्रदर्शन करने को सैकड़ों इलाकाई लोग जब पहुंचे तो नजरबंद नजारा देख लोग अपने घरों को लौट गये शराफत अली मो अयूब के साथ अयोध्या प्रसाद, कुशवाहा ,सद्दीक अली गाजी, अरविन्द पाल जुटेला व मो इशहाक पिंकू को धरना प्रदर्शन करने से रोकने को नजरबंद किया गया ।

## विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्षी पार्टियों पर किसानों को गुमराह करने का लगाया आरोप,,



गंज मुरादाबाद उन्नाव

गजंमुरादाबाद के क्षेत्र ग्राम सुल्तानपुर टीम मोदी स्पोर्ट्र संघ के बागरमऊ विधानसभा अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र के तीनों नए कृषि कानूनों को लेकर भय पैदा कर रहे हैं किसान आंदोलन को विपक्षी दल को समर्थन देने के पीछे उनका मकसद है कि किसानों कंधे पर बन्दूक रख कर षड्यंत्र कर रहे हैं विपक्षी दल ने किसानों को बरगलाने का काम शुरू किया है मोहित गुप्ता ने कहा कि कुछ लोग इसलिए भी परेशान हैं क्योंकि पीएम मोदी और सीएम योगी देश को आगे ले जा रहे हैं किसानों को समय पर गन्ने के भुगतान का पैसा सीधे उनके खातों में जा रहा है फसल बीमा योजना समेत कई बिभिन्न योजनाएं चल रही है उनके साथ कई किसान और उनके कई कार्यकर्ता मोजूद रहे

## भाकियू अम्बावता ने किसान आंदोलन के प्रति दिखवाई प्रतिबद्वता, सौंपा ज्ञापन –कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



मथुरा। भारतीय किसान यूनियन अम्बावता ने एक बार फिर देशव्यापी किसान आंदोलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। संगठन ने साफ किया है जब तक सरकार तीनों कृषि कानून वापस नहीं लेती किसान आंदोलन जारी रहेगा। संगठन ने किसी भी तरह के बीच के रास्ते और समझौते को मानने से साफ इनकार किया है। संगठना का मानना है कि इस आंदोलन को खत्म कराने का सरकार के पास एक ही रास्ता है कि वह तीनों कानूनों को वापस ले। जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि सरकार को किसानों के हितों को देखते हुए तीनों अध्यादेश वापिस लेने चाहिए। सरकार अपनी तरफ से हर हथकंडा अपना रही है जिससे इस आंदोलन को कमजोर किया जा सके। सरकार यह भूल रही है कि यह सरकारी कर्मचारियों या किसी जात बिरादी का आंदोलन नही है। यह देशभर के किसानों का आंदोलन है। सरकार इस मसले को जितना लम्बा खींचेगी उतना ही घाटा उठायेगी। उन्होंने कहाकि यह किसी एक संगठन या एक राज्य का आंदोलन नहीं रह गया है जिसे हडकंडे अपना कर तोड या कमजोर किया जा सके। यह आंदोलन देशभर के किसानों और किसान संगठनों का है। देश के किसानों को संतुष्ट करने का एक ही तरीका है कि इन कानूनों को वापस लिया जाए। भाकियू अम्बावता ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष आगरा संतोष भारद्वाज, तहसील अध्यक्ष मांट संतोष कटारा, ब्लॉक अध्यक्ष मांट ठाकुर जीत सिंह, ब्लाक अध्यक्ष नौहझील डॉ जगदीश निषाद, तहसील मीडिया प्रभारी हरीशंकर गुप्ता, ब्लाक महासचिव संजय पुजारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश नेता जी, वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय पाठक, जिला सलाहकार समिति सदस्य मुंशी खान, वरिष्ठ कार्यकर्ता कपिल उर्फ मलिंगा, ठाकुर राजेंद्र सिंह प्रभारी छाता तहसील, धर्मेंद्र सिंह, तुलाराम, सुरेंद्र कुमार, मोतीलाल शर्मा, राममूर्ति शर्मा, भूरा पाठक आदि मौजद रहे ।

# पुलिस टीम पर हमला कर पिस्टल छीनी, तीन गिरफ्तार

## – एक सिपाही और होमगार्ड हुए घायल, सिपाही को किया रेफर
## – गांव पहुंचे आलाधिकारी, पिस्टल बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

रवि पाल

मथुरा। वृंदावन क्षेत्र के गांव सकराया में पीआरवी पर तैनात होमगार्ड और सिपाही के साथ मारपीट कर पिस्टल छीन ली। दोनों को पीट कर घायल कर दिया। होमगार्ड ने वायरलैस से इसकी सूचना जिला कमांड को दी। सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ आलाधिकारी गांव पहुंच गये। घायल पुलिसकर्मियों को जिलाचिकित्सालय भिजवाया। घायल सिपाही को हालत नाजुक होने पर रेफर कर दिया गया था। वहीं पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और पुलिस की पिस्टल भी बरामद कर ली है। गांव पहुंचे पुलिस बल ने सकराया गांव निवासी लक्खी, प्रताप एवं बने सिंह को गिरफ्तार किया है। जबकि पांच और हमलावरों की तलाश में जुटी है।

रात को करीब पौने दस बजे वृंदावन के गांव सकराया में देर रात पीआरवी 1921 को सूचना मिली थी कि सकराया गांव में हरीशचंद की दुकान पर लक्खी का झगडा हो गया है। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि पीआरवी के पहुंचते ही झगडा कर रहे दोनों पक्ष पुलिसकर्मियों पर हमलावर हो गये।



सिपाही दिनेश सिंह और होमगार्ड दिनेशचंद पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। होमगार्ड दिनेश चंद ने हमले की सूचना वायरलैस से अधिकारियों को दे दी। गांव में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पहले भी कई बार वृंदावन पुलिस पर हमला किया जा चुका है। परखम गुर्जर, सकराया गांव में पीआरवी पुलिस पर हमले हुए। इस पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई भी की थी। रात में लगभग पौने दस बजे थाना वृंदावन कोतवाली क्षेत्र में गांव सकराया में झगडे की सूचना पर लोगों ने पीआरवी कर्मियों से झगडा कर लिया। उनके साथ मारपीट की, उनकी पिस्टल छीन ली। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची। पिस्टल की बरामदगी कर ली है। तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले कें आगे की कार्रवाही की जा रही है।

## महिला ने नामजद पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

मथुरा। राया क्षेत्र के गांव खरवा निवासी एक महिला ने गांव के ही नामजद युवक पर तमंचा दिखाकर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला के पति ने थाने पहुंचकर नामजद युवक के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। थाना राया क्षेत्र के गांव खरवा निवासी एक महिला के अनुसार वह सुबह शौच के लिए खेत पर गई थी तभी गांव के ही नामजद युवक ने उसे पकड़ लिया और तमंचा दिखाकर खेत की तरफ खींचने लगा पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उसे गलत नियत से पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी की और उसके कपड़े भी फाड़ दिए शोर मचाने पर गांव के ही कुछ व्यक्ति वहां पहुंच गए तो आरोपी तमंचा दिखाते हुए मौके से फरार हो गया थाने पहुंची पीड़िता एव पति ने नामजद युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है थाना प्रभारी सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया महिला के पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा

## पूर्व विधायक ने विद्युत विभाग अधिकारियों को दी बंधक बनाने की धमकी, वीडियो वायरल

मथुरा। बसपा के पूर्व विधायक राजकुमार रावत ने गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के गांव जतीपुरा में विधुत अधिकारियों द्वारा विद्युत बिल वसूली के लिए लगाये जा रहे कैम्प का ग्रामीणों के साथ मिलकर विरोध किया। दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक रावत ने विद्युत विभाग के एसडीओ व जेई को घेर कर जमकर खरी खोटी सुनाई। विधायक ने एसडीओ को 3 माह में कैम्प लगाने की बात कही। बात नही बनी तो विधायक ने अधिकारियों को बंधक बनाने का फरमान जारी कर दिया। इस पर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बसपा विधायक राजकुमार रावत ग्रामीणों से यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि अगर कनेक्शन काटे तो इन्हें बंधक बना लेना में कह रहा हूं।

## बेखौफ चोरों के हौसले बुलंद , नहीं है आगरा पुलिस का डर चोरी करते चोर सीसीटीवी में हुए कैद

मनोज चाहर

आगरा। जनपद में चोरों के हौंसले चरम पर है। पुलिस से बेखौफ चोर वारदातों को अंजाम देने से परहेज करते नहीं दिख रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद के थाना सदर क्षेत्र रोहता बाग के चौराहे पर पंडित जी ज्वेलर्स की दुकान का है। जहाँ लगभग सुबह 4रू30 चार बजे इस दुकान को निशाना बना चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर दुकान से करीब 6 किलो चांदी, 40 ग्राम सोना, ₹12000 नगदी लेकर चोर फरार हो गए। वहीं एक ओर यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी।




घटना की सूचना पर पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है।

# योगी ने कोविड-19 के उपचार एवं बचाव की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के दिए निर्देश

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड–19 के उपचार एवं बचाव की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमित मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने प्रदेश के सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्था सुधारने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता को गुणवत्तापरक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विशेषज्ञ डॉक्टर कोविड वॉर्ड में नियमित राउण्ड लें। अस्पतालों में दवाओं, मेडिकल उपकरण तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को कोविड–19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। विभिन्न प्रचार माध्यमों सहित पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा जन–जागरूकता के प्रयास निरन्तर



किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोविड–19 के नियंत्रण के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड–19 की मेडिकल टेस्टिंग की प्रभावी व्यवस्था निरन्तर बनी रहे। इसके लिए प्रतिदिन पर्याप्त संख्या में आर0टी0पी0सी0आर0 तथा रैपिड एण्टीजन टेस्ट किये जाए। उन्होंने इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन के लिए आवश्यक वैक्सीनेटर्स तैयार करने हेतु आज से प्रशिक्षण की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इसे प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए, ताकि इन्हें कोरोना वैक्सीनेशन से सम्बन्धित आवश्यक प्रशिक्षण मिल सके। वैक्सीनेटर्स को प्रशिक्षण आसान भाषा में दिया जाए, ताकि उन्हें समझने में आसानी हो। राज्य सरकार द्वारा कोरोना वैक्सीन के प्रभावी और सुरक्षित स्टोरेज के लिए कोल्ड चेन स्थापित करने के निर्देश पूर्व में दिए जा चुके हैं। इस पर शीघ्रता से कार्यवाही की जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आर0के0 तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 तथा सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एस0पी0 गोयल, अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ0 रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव लोक निर्माण नितिन रमेश गोगर्ण, प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# यूपी बोर्ड के 10वीं, 12वीं के छात्रों के डेटाबेस लीक पर एफआईआर की मांग

संवाददाता

लखनऊ। आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर ने उत्तर प्रदेश बोर्ड के 10वीं तथा 12वीं कक्षा के छात्रों के डेटाबेस के निजी व्यक्ति को लीक होने तथा इसे अन्य व्यक्तियों को सार्वजनिक रूप से बेचे जाने के मामले में एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग की है। एसएसपी कानपुर नगर तथा अन्य को भेजी अपनी शिकायत में अमिताभ ने कहा कि उन्हें दी गयी सूचना के अनुसार थाना रायपुरवा, कानपुर नगर स्थित इंडीस कंपनी के लोगों द्वारा उत्तर प्रदेश के 10वीं तथा 12वीं की परीक्षा के छात्रों का डाटाबेस बेचा जा रहा है. सूचना अनुसार कंपनी द्वारा 1 पिनकोड का डाटाबेस रु० 1000 में, 1 शहर का डेटाबेस रु० 3500 में तथा पूरा डाटाबेस रु० 6500 में बेचा जा रहा हैं. कंपनी के लोगों के अनुसार उनके पास उत्तर प्रदेश में वर्ष 2020 में 10वीं के 3,46,505 तथा 12वीं के 2,27,984 छात्रों के डेटाबेस है. इस डेटाबेस में छात्रों के नाम, पिता का नाम, ईमेल तथा मोबाइल नंबर भी शामिल हैं। अमिताभ ने कहा कि इस प्रकार 10वीं तथा 12वीं की परीक्षा में बैठे स्टूडेंट्स का डाटाबेस प्राप्त किया जाना प्रथमद्रष्टया आपराधिक कृत्य जान पड़ता है. यह डेटाबेस पूरी तरह संबंधित परीक्षा बोर्ड का स्वत्वाधिकार है तथा बोर्ड की यह जिम्मेदारी है कि उक्त डेटाबेस को सुरक्षित रखें एवं किसी भी स्थिति में इसे अनधिकृत रूप से निजी हाथों में नहीं जाने दें. इस प्रकार इस कंपनी के लोगों द्वारा यह डेटाबेस हासिल करना एक गंभीर आपराधिक कृत्य प्रतीत होता है. साथ ही यह छात्रों के व्यक्तिगत जीवन तथा निजता का उल्लंघन है।

## पुलिस आयोग के गठन की मांग को लेकर संकल्प मार्च 28 दिसम्बर को

संवाददाता

लखनऊ। जनता की सेवा में निरन्तर जुटी रहने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस की समस्याओं के निराकरण के लिये पुलिस आयोग के गठन की मांग को लेकर हिन्दू समाज पार्टी आगामी 28 दिसम्बर को संकल्प मार्च निकालेगी। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा एवं धर्माचार्य प्रमुख योगी सरोज नाथ के नेतृत्व में यह मार्च अपराह्न बारह बजे बी–2842 न्यू गुरूद्वारा रोड इन्दिरानगर स्थित पार्टी के कैम्प कार्यालय से प्रारम्भ होकर मनकामेश्वर मन्दिर के समक्ष गोमती तट पर पहुंच कर समाप्त होगा। पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री मोहित मिश्रा ने बताया कि प्रदेश की जनता के लिये निरन्तर सेवा में तत्पर रहने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस कई समस्याओं से जूझ रही है, जिसके निराकरण के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, इन्हीं तमाम समस्याओं को लेकर हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में संकल्प मार्च के साथ पुलिस के समर्थन में सड़कों पर उतरने जा रही है। हिन्दू समाज पार्टी के द्वारा उठायी जाने वाली प्रमुख मांगों में पुलिस आयोग के गठन की मांग के साथ बार्डर स्कीम खत्म करने, आठ घण्टे की नौकरी सुनिश्चित करने, साप्ताहिक अवकाश दिये जाने, महिला कॉस्टेबल को गृह जनपद में नियुक्त किये जाने और साईकिल की जगह बाईक भत्ता दिये जाने आदि शामिल है।

## दिनेश खरे बने आदर्श भारत सोशल फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी

संवाददाता

लखनऊ। आदर्श भारत सोशल फाउंडेशन एवं कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय की बैठक आहूत की गई, जिसमें कई कॉलेज के प्रिंसिपल, प्रशासनिक अधिकारी, बिजनेसमैन एवं समाज सेवियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में सोशल फाउंडेशन ने कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश खरे को मीडिया प्रभारी नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर श्री खरे को आदर्श भारत का मोमेंटो एवं शाल देकर सम्मानित भी किया गया तथा जनहितैषी कार्यों को मीडिया के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाने की अपेक्षा की गई। बैठक से पूर्व महाराष्ट्र से आये कायस्थ संघ के सह समन्वयक गौरी शंकर लाल श्रीवास्तव का भव्य स्वागत किया गया तथा आदर्श भारत का मोमेंटो एवं शाल देकर उनका सम्मान किया गया।

## फ्लोर डिजाइनिंग एवं फायरलेस कुकिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया देश–विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (द सैम–2020) के दूसरे दिन आज ईरान, रूस, ग्रीस व नेपाल समेत देश विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं के माध्यम से न सिर्फ अपनी कलात्मक प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया अपितु एक–दूसरे के साथ अपने विचारों को भी साझा करते हुए विभिन्न देशों की संस्कृति व सभ्यता से भी रूबरू हुए। विदित हो कि सी.एम.एस. जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा 13 से 16 दिसम्बर तक चार दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (द सैम–2020) का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ईरान, रूस, ग्रीस व नेपाल समेत देश विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के साथ ही छात्रों व युवा पीढ़ी में एकता व सामन्जस्य की भावना का विकास करना है। प्रतियोगिताओं का सिलसिला आज सीनियर वर्ग की द ई–एक्सपिडीशन (फ्लोर डिजाइनिंग) प्रतियोगिता से प्रारम्भ हुआ, जिसका विषय था 'एक्सपैंडिंग एथनिक बाउन्ड्रीज टु इम्ब्रेस द एक्जॉटिक'। यह प्रतियोगिता दो राउण्ड में सम्पन्न हुई। प्रारम्भिक राउण्ड में प्रतिभागी छात्र टीमों का फाइनल राउण्ड हेतु चयनित किया गया जबकि फाइनल राउण्ड में प्रतिभागी टीमों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा को निर्णायक मंडल के समक्ष ऑनलाइन सजीव प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में छात्र टीमों ने अपने हुनर व रचनात्मक सोच से वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार) की भावना का जोरदार प्रचार–प्रसार किया। टंग–टिंगलर्स (फायरलेस कुकिंग) प्रतियोगिता भी आज के विशेष आकर्षण का केन्द्र रही, जिसमें देश–विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने अपनी रचनात्मक सोच का आलोक बिखेरा।

## प्रदर्शन में सपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का–मुक्की, कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

संवाददाता

लखनऊ। केंद्र के नए कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के एक दिन के उपवास के समर्थन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के अनेक जिलों में प्रदर्शन किया। कई स्थानों पर उन्हें हिरासत में भी लिया गया। राजधानी लखनऊ के कैसरबाग इलाके में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की हुई। सपा कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। महिला कार्यकर्ताओं समेत पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सपा के विधान परिषद सदस्य राजपाल कश्यप ने बताया, समाजवादी पार्टी किसानों की मांगों का समर्थन करती है और उसकी सहानुभूति किसानों के साथ है। समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा सात दिसंबर को आरंभ हुई थी और आज 14 दिसंबर को पार्टी के कार्यकर्ताओं का धरना प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर है। पार्टी के बहुत से नेताओं को नजरबंद कर दिया गया है। आगरा में पुलिस ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हल्का बल प्रयोग किया। गोरखपुर में पुलिस ने सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को उस समय हिरासत में ले लिया जब सोमवार को वे नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन करने जा रहे थे। पुलिस ने सुबह से ही पार्टी कार्यकर्ताओ को हिरासत में लेना शुरू कर दिया। पार्टी अध्यक्ष राम नगीना साहिनी और पूर्व अध्यक्ष जियाउल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया गया है। शहर के विभिन्न इलाकों से पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। सपा नेता राम नगीना साहिनी ने कहा, पुलिस और सरकार शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन का संवैधानिक अधिकार छीन रही है। फर्जी मुकदमे लगाये जा रहे हैं और हमें धरना प्रदर्शन नहीं करने दिया जा रहा है। गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगेंद्र कुमार ने बताया, जिले में धारा 144 पहले से लागू है और महामारी के कारण बिना सामाजिक दूरी के एक स्थान पर लोगों का एकत्र होना सुरक्षित नहीं है। प्रदर्शन से पहले लोगों को मजिस्ट्रेट से इजाजत लेना होगा, फिर कोई आपत्ति नहीं है।

## किसानों के आंदोलन से सरकार की बौखलाहट जाहिर, तिरंगा यात्रा को रोका

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन, और इंडियन नेशनल लीग ने अपने सहयोगी संगठनों के साथ किसान विरोधी कानून के खिलाफ अपनी घोषणा के अनुसार तिरंगा यात्रा की कोशिश की। लेकिन पुलिस प्रशासन ने कार्यालय के बाहर ही ज्ञापन ले लिया, और तिरंगा यात्रा को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक पी सी कुरील ने कहा कि केंद्र सरकार मुखालिफत के बावजूद संसद में किसान विरोधी बिल पास करा लिया। यह किसानों, मजदूरों को गुलाम बनाने की एक साजिश है,और अब किसानों के इस आंदोलन को बदनाम करने की भी कोशिश की जा रही है। इस आंदोलन को खालिस्तानी और दहशत गर्दी से जोड़ा जा रहा है ,यह इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार किसानों के इस आंदोलन से पूरी तरह से बौखलाहट में है। हम इन किसानों की मांगों का समर्थन करते हैं क्योंकि किसानों की मांगें वैध हैं। हाजी फहीम सिद्दीकी ने कहा कि किसानों को इस बिल से उनकी लागत भी नहीं मिल पायेगी। पूँजीपति किसानों से मनचाहे दाम पर उनका अनाज खरीदेंगे। और अपनी मर्जी के मुताबिक बेचेंगे। इससे देश में महंगाई और बढ़ेगी, देश में जीएसटी के लागू होने के बाद, एमएसपी को बर्बाद कर दिया गया। इस तरह से किसान अपने ही खेत में गुलामों की तरह काम करेगा।इसको देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उक्त बिल के खिलाफ देश भर में विरोधा प्रदर्शन हो रहे हैं और किसानों में भारी आक्रोश है। मोहम्मद अफाक ने कहा कि किसानों के आंदोलन से डरकर, भाजपा उन्हें बदनाम करने की साजिश कर रही है जो संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है। 2014 में वादा किया गया था कि स्वामी नाथन रिपोर्ट लागू किया जाएगा। किसानों का पूरा कर्ज और बिजली बिल माफ किया जाएगा।

## बच्चों के हित में ऑफ–लाइन परीक्षा होगी : अपसा

लखनऊ। अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स असोसिएशन ने आज एक महत्वपूर्ण बैठक की जिसमें कई अहम निर्णय लिये। संगठन के 40 से अधिक सदस्य इस बैठक में शामिल हुए जिसमें उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के विद्यालय भी शामिल थे। अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष ने बताया कि सभी सदस्यों ने आम सहमति से यह निर्णय लिया है कि कक्षा 9 से 12 तक के सभी विद्यार्थी आगे होने वाली सभी परीक्षायें ऑफलाइन माध्यम से देंगे। क्योंकि बच्चों को बोर्ड परीक्षा ऑफलाइन ही देनी होगी। ऑनलाइन परीक्षा से बच्चों को फायदा नही हो पा रहा है क्योंकि ऑनलाइन परीक्षा में निरीक्षण (Invigilation) नहीं हो सकता है।

# किसान पर घमासान, भाजपा का किसान सम्मेलन, विपक्ष का विरोध प्रदर्शन

संवाददाता

लखनऊ। किसान आंदोलन को 19 दिन पूरे हो गए हैं। यूपी की विपक्षी पार्टियां किसानों की हिमायती बनकर उनके समर्थन में तमाम धरना प्रदर्शन कर रही हैं, और सरकार विरोधी बयानों की लाइन लगा रखी है। पर अब भाजपा ने भी कमर कस ली है। नए कृषि कानूनों की बारीकियों से परिचित कराने और उसके फायदे को बताने के लिए आज से पूरे प्रदेश में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह किसान सम्मेलन 18 दिसंबर तक चलेंगे। किसान सम्मेलन में नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों को जिस तरह से बरगलाया गया है, उसके भ्रम को दूर करने के लिए भाजपा के कई नेताओं ने अपनी बात आसान शब्दों में बताई। वहीं किसानों की मांगों के समर्थन में समाजवादी पार्टी ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया है। इनके साथ रालोद, आप, कांग्रेस का भी किसान यूनियन को समर्थन है। सोमवार को आंदोलित किसानों ने शाम पांच बजे तक भूख हड़ताल कर रखी थी। पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजामात किये गए। लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में किसान संगठनों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के शांतिपूर्ण अहिंसात्मक धरने के निर्देश के बावजूद समाजवादी पार्टी ने राजधानी सहित जिला मुख्यालयों पर धरना तो दिया पर पुलिस ने बेरिकेडिंग कर सबको रोक लिया। जिससे समाजवादी कार्यकर्ता उग्र हो गए। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा। जिसमें कई सपा कार्यकर्ता और नेता घायल हुए। कुछ उग्र कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया। यूपी के अन्य जिलों में भी करीब करीब ऐसे ही हालात देखने को मिले। किसान आंदोलन को कांग्रेस, रालोद, और आप का भी समर्थन प्राप्त रहा। और इन पार्टियों ने भी अपने–अपने तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। यूपी के जिला मुख्यालयों पर किसान आंदोलन के समर्थन में हो रहे प्रदर्शन पर प्रशासन पूरी मुस्तैदी से नजर रख रहा है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि कुछ ऐसे आपराधिक तत्व जो किसान आंदोलन की आड़ में गड़बड़ी फैलाना चाहते हैं। ऐसे लोगों पर प्रशासन स्थानीय स्तर पर कार्रवाई कर रहा है। सीएम योगी ने किसानों को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए अपने सरकार की सभी योजनाओं का जिक्र किया और यह आश्वासन दिया कि शीघ्र ही किसान हित के लिए और योजनाएं लाई जाएंगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पार्टी नेताओं, सांसदों, विधायकों को चुनावी संदेश देते हुए कहाकि, सभी चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। चक्कर न लगाएं। कोई काम न करे तो चुपचाप संगठन को बताएं। संगठन और सरकार भाजपा के एक–एक कार्यकर्ता के साथ खड़ा है। उन्होंने जिलाध्यक्षों और पार्टी पदाधिकारियों को सरकारी बैठकों में जाने से भी परहेज करने को कहा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि 15 दिसंबर को गोंडा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव और वाराणसी में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे जबकि राज्य के जल शक्ति मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह मुरादाबाद में, सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा अमेठी में, और राज्य मंत्री नीलकंठ तिवारी प्रतापगढ़ में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

# पाठशाला की पौधशाला नाम से संचालित की जायेगी विद्यालय नर्सरी योजना

संवाददाता

लखनऊ। जन सहभागिता के साथ देश की हरियाली में वृद्धि के लिए देश के भविष्य युवाओं के सक्रिय सहयोग से विद्यालय नर्सरी योजना संचालित की जा रही है। इस के लिए देशभर में सभी प्रदेशों में प्रतिवर्ष 1,000 विद्यालय चयनित किए जाएंगे तथा प्रत्येक विद्यालय में 1000 पौधे उगाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में प्रथम वर्ष 45 पौधशाला स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पाठशाला की पौधशाला नाम से संचालित इस योजना में पर्यावरण में सुधार के साथ ही विद्यार्थियों में प्रकृति संरक्षण एवं पौध रोपण संस्कार के रूप में विकसित करने में भी सहायता मिलेगी। विद्यालय में प्रारम्भ से ही विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विद्यालय नर्सरी योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद में भूमि की उपलब्धता के अनुसार विद्यालय का चयन कर नर्सरी स्थापित कर यह योजना वर्ष 2020–21 से वर्ष 2024–25 तक क्रियान्वित की जायेगी। नर्सरी में नर्सरी बेड, पानी की व्यवस्था, पालीबैग एवं स्टेशनरी आदि की व्यवस्था की जायेगी। नर्सरी में तैयार किये गये पौधों का रोपण विद्यालय में रिक्त पड़ी भूमि, सार्वजनिक एवं प्राइवेट भूमि, गृह बगीचा व अन्य संस्थानों में अगले वर्षाकाल में विद्यार्थियों के सहयोग से कराया जायेगा। इस योजना में राज्य सरकार के अधीन एवं केन्द्रीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों का सहयोग लेकर नर्सरी का विकास, उच्च गुणवत्ता के पौधों का उगान तथा इन पौधों का रोपण कार्य कराया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय नर्सरी के क्रियान्वयन के लिए विद्यालय का अध्यापक इन्चार्ज होगा। प्रत्येक विद्यालय नर्सरी हेतु रू0 50,000– का बजट दिया जायेगा, जिसमें रू0 40,000– नर्सरी स्थापना एवं रू0 10,000– फील्ड स्टडी, फोटोग्राफी, एवार्ड तथा रिपोर्ट तैयार करने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। विद्यालय नर्सरी स्थापना हेतु वर्ष 2020–21 में 52 जनपदों के विद्यालयों की सूची वन महानिरीक्षक, भारत सरकार को प्रेषित की जा चुकी है।

## मेरिटनेशन ने दर्ज की उपलब्धि, लाइव क्लासेज के समयावधि में हुयी चार गुना बढ़ोत्तरी

संवाददाता

लखनऊ। कोविड–19 के बड़े पैमाने पर फैलने की वजह से पढ़ाई–लिखाई में आई बाधाओं के चलते शिक्षा व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव आया है और अब शिक्षा का माध्यम ऑफलाइन के बजाय ऑनलाइन हो गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले आकाश एजुकेशनल सर्विसेज की सहायक कंपनी मेरिटनेशन ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर से अपने पेड यूजर्स यानी सेवाओं के इस्तेमाल के लिए भुगतान करने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या में शानदार वृद्धि दर्ज की है। मेरिटनेशन ने हाल के महीनों में इस शहर में लाइव क्लासेस में भाग लेने वाले प्रीमियम यूजर्स द्वारा उपयोग के मिनटों में चार गुना बढ़ोतरी दर्ज की है गणित और विज्ञान विषयों के लाइव क्लासेज के उपयोग में क्रमशः 4.5 गुना और दो गुना की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रगति पर टिप्पणी करते हुए नरसिम्हा जयकुमार, सीईओ, आकाश एडुटेक प्राइवेट लिमिटेड ने कहा मार्च 2020 के बाद से कोविड–19 के बड़े पैमाने पर फैलने की वजह से ऑनलाइन लर्निंग अब पढ़ाई का नया तरीका बन चुका है पढ़ाई लिखाई की प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के जारी रखने के लिए छात्रों ने बड़ी संख्या में वर्चुअल लर्निंग को अपनाना शुरू कर दिया है और उम्मीद है कि कोविड के बाद के दौर में भी यह सिलसिला बरकरार रहेगा लखनऊ से मेरिटेशन प्लेटफॉर्म पर पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि से यह स्पष्ट हो जाता है कि छात्र हमारी पढ़ाई के तरीके हमारे अध्यापकों और हमारे पाठ्यक्रमों को स्वीकार कर रहे हैं हम निकट भविष्य में छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने पाठ्यक्रमों को कस्टमाइज करना जारी रखेंगे ताकि उन्हें अपने घरों में सुरक्षित रहकर पढ़ाई करने में मदद मिल सके।" लॉकडाउन की शुरुआत में प्रीमियम यूजर्स द्वारा इस प्लेटफॉर्म के उपयोग तथा हाल के महीनों में प्रीमियम यूजर्स द्वारा उपयोग के आंकड़ों की तुलना के आधार पर उपयोग में प्रतिशत वृद्धि की गणना की गई है। आंकड़ों के अनुसार लॉकडाउन के दौरान प्रीमियम यूजर्स की संख्या में बढ़ोतरी ने इस विकास में शानदार योगदान दिया है। मेरिटनेशन भारत में ऑनलाइन लर्निंग के क्षेत्र में सबसे आगे है जिसने वर्ष 2014 में लाइव क्लासेस की शुरुआत की थी वर्तमान में इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत छात्रों की संख्या 2.5 करोड़ से अधिक है साथ ही इस ऐप को इंस्टॉल करने वालों की संख्या 10 मिलियन से ज्यादा है तथा 47 मिलियन से ज्यादा बार यहां उपलब्ध टेस्ट पेपर को हल करने का प्रयास किया गया है आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने जनवरी 2020 में 12वीं कक्षा तक के छात्रों को शिक्षण सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी, मेरिटेशन का अधिग्रहण किया और एप्लेट लर्निंग सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए एईएसएल ने इन्फो एज (इंडिया) लिमिटेड के साथ एक स्थायी समझौता किया।

# भारत में शहद पर एनएमआर टेस्ट की इस समय जरूरत नहीं-एफएसएसएआई

संवाददाता

लखनऊ। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के वैज्ञानिक पैनल ने बताया है कि भारत, दुनिया भर के सभी देशों के साथ–साथ कोडेक्स एलेमेंट्रिस कमीशन के भी मुकाबले में शहद की गुणवत्ता संबंधित सबसे कठोर मानक हैं। एफएसएसएआई ने यह भी कहा कि दुनिया में लगभग किसी भी खाद्य नियामक ने अब तक एनएमआर को शहद के लिए एक परीक्षण विधि के रूप में अनिवार्य नहीं किया है। शहद में मिलावट पर सीएसई की जांच को ध्यान में रखते हुए, एफएसएसएआई ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि एसएमई जैसे कुछ परीक्षण सीएसई द्वारा मिलावट वाले नमूनों के साथ क्यों नहीं किए गए हैं। एफएसएसएआई ने नमूनों और सीएसई से लिए गए परीक्षणों के विवरण देने के लिए अनुरोध किया है। जैसे ही विवरण उपलब्ध हो जाते हैं, उनका विश्लेषण एफएसएसएआई द्वारा किया जाएगा ताकि इस का उपयोग संबंधित प्रोटोकॉल के बारे में निष्कर्ष निकालने और भविष्य के लिए परीक्षण पद्धति में आवश्यक सुधारों के बारे में सुझाव देने के लिए किया जा सके। शहद परीक्षण के लिए एनएमआर की उपयोगिता और अनिवार्यता के बारे में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि एनएमआर तेजी से डेटाबेस संचालित विभिन्न रासायनिक यौगिकों का पता लगाने और मात्रा का ठहराव कम करने में मदद करता है। विशेष रूप से शहद के नमूने की उत्पत्ति को प्रमाणित करने के लिए डेटाबेस के अस्तित्व से पहले इस तकनीक के प्रभावी उपयोग हो। वर्तमान में भारतीय शहद के लिए ऐसा कोई डेटाबेस मौजूद नहीं है और इसलिए, एनएमआर परीक्षण की सीमित उपयोगिता होगी। एनएमआर परीक्षण आयोजित करने की लागत भी काफी अधिक है और वर्तमान में उपलब्ध मात्रा इस हाईएंड उपकरण में निवेश के लिए प्रयोगशालाओं को प्रेरित करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। डेटाबेस की कमी, उच्च कौशल की आवश्यकता, उच्च परिचालन लागत और उच्च पूंजी निवेश के मद्देनजरय वैज्ञानिक पैनल ने कहा है कि इस मोड़ पर भारत में एनएमआर की आवश्यकता नहीं है। इस जांच में उठाए गए बिंदुओं में से एक है शहद में चावल के सिरप की मिलावट का पता लगाने के लिए ट्रेस मार्कर फॉर राइस सिरप (टीएमआर) के गैर–नुस्खे के उपयोग के बारे में हैं। चावल सिरप परीक्षण (एसएमआर) के लिए एक अधिक संवेदनशील विशिष्ट मार्कर पहले से ही अनिवार्य बना दिया गया है सो शहद में चावल के सिरप की मिलावट का पता लगाने के लिए एक अधिक केंद्रित परीक्षण है, इसलिए, यह वैज्ञानिक विशेषज्ञों द्वारा महसूस किया गया था कि ऐसे में टीएमआर जरूरी नहीं है। यह दृष्टिकोण कृषि मंत्रालय द्वारा भी वर्णित किया गया था, और इसलिए टीएमआर को एक परीक्षण विधि के रूप में अनिवार्य नहीं किया गया है। इससे पहले डेटाबेस स्थापित करना महत्वपूर्ण है।

# किसान आंदोलन के समर्थन में जिला कचेहरी मे धरना दे रहे सैकड़ों की संख्या में सपाईयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## कुँवर रेवती रमणश्करछना विधायक उज्जवल रमण सिंह व वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह सहित कई नेताओं को उनके घरों में किया गया हाउस अरेस्ट

संवाददाता
प्रयागराज।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला कचेहरी मे कृषि बिल के विरोध और किसानो के समर्थन में धरने पृ बैठे सपा जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखघर हुसैन, स्नातक एम एल सी डॉ मान सिंह यादव, पूर्व, सांसद धर्म राज पटेल, नागेन्द्र पटेल,पंधारी यादव,सत्यवीर मुन्ना,हाजी परवेज अहमद,रामवृक्षाज यादव,श्यामलाल पाल,गामा पाण्डेय, सहित सैकड़ों सपा नेताओं,पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पुलिस ने जबरन गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में बैठा रखा है। उधर मेजा के भड़ेवरा में पुलिस ने वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह को उनके घर पर पहुँच कर हाउस अरेस्ट कर लिया सवही राज्य सभा सांसद कुँवर रेवती रमण सिंह और करछना विधायक उज्जवल रमण सिंह को अशोक नगर स्थित कोठी पर नजरबन्द कर भारी फोर्स तैनात रही।वरिष्ठ सपा नेता शोएब खाँ के नेत्रित्व में समर्थकों ने कोठी के बाहर धरना दिया तो पुलिस ने बल प्रयोग कर उनहे गिरफ्तार कर लिया।जिसमे विनय कुशवाहा,मोहित पाण्डेय,हिमांशू मिश्रा,अहमद रजा, खुशनूमा बानो,गुलशेर,महताब,मशहद खाँ गौरव शर्मि,विकास पाण्डेय,हौसला प्रसाद यादव,पूर्व पार्षद नन्दा निषाद,संतोष निषाद आदि को पुलिस गाड़ी में जबरन लाद कर पुलिस लाइन ले गई। सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर व महानगर मीडिया प्रभारी सै०मो०अस्करी के अनुसार पूरे जनपद की सभी विधानसभाओं में विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद सहित ब्लाक प्रमुख, पार्टी के बड़े नेताओं के नेतृत्व में भारी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं का जत्था जिला कचेहरी मे आयोजित कृषि बिल के विरोध और किसानो के समर्थन में शामिल होने के लिए निकल पड़े मगर पुलिस ने उन्हें जगह जगह पर रोक कर गिरफ्तार कर लिया और पुलिस वाहनों में बैठा पुलिस लाइन उठा लाई स गिरफ्तार कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद एवं कृषि कानून रद्द करों आदि नारे लगाते हुए पुलिस लाइन पहुंचे स पुलिस लाइन में सपा कार्यकर्ताओं को कई जगह अलग अलग बैठाया गया। सपा जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखघर हुसैन ने भाजपा पर तानाशाही एवं लोकतन्त्र की हत्या कर विपक्षी दलों की आवाज को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया स स्नातक एम एल सी डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि भाजपा की कृषि नीति का पूरे देश में तगड़ा विरोध हो रहा है स किसानों के लिए काला कानून साबित होने वाली इस नीति को बदलने तक आन्दोलन जारी रहेगा। गिरफ्तार सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से सपा जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखघर हुसैन, एम एल सी राम वृक्ष यादव, डॉ मान सिंह यादव, पूर्व विधायक हाजी परवेज अहमद, सत्य वीर मुन्ना, अंसार अहमद, गामा पाण्डेय,प्रशांत सिंह, पंधारी यादव, गुलाब सिंह यादव, के के श्रीवास्तव, विनोद चंद्र दुबे, संदीप पटेल रविन्द्र यादव रवि,कृष्ण मूर्ति सिंह, रवींद्र यादव, अनिल यादव, राम सुमेर पाल,पूर्व प्रमुख संदीप यादव, निधी यादव,नाटे चौधरी,महबूब उसमानी,विक्रम पटेल,मो०गौस,अभिमन्यू पटेल,रमाकान्त पटेल,कमला यादव, संजीव यादव, आर एन यादव, महावीर यादव, ननकऊ यादव,पंकज कुमार बिन्द,आशीष पाल, मो०शारिक,मयंक यादव श्जॉन्टीश,बच्चा पासी,देव बोस, शिव यादव, नेहा यादव, पूनम पाठक, निर्मला यादव,पूजा मिश्रा,निशा शुक्ला,खुशनूमा बानो,शाहिद प्रधान,अब्दुल समद,नेम यादव, रमीज अहसान, मंजीत यादव,मो०अजहर,नौशाद अहमद,अरशद अली,राकेश वर्मा, सैफ फरीदी, डॉ महेश यादव, संदेश यादव,टीपू सुलतान,मुराद मंसूरी, तौफीक सलमानी,मो०जैद,कल्लू यादव,प्रमोद यादव,सौरभ यादव रामा,अरशद अली,हाजी सलामत उल्ला,महेश निषाद,पप्पू पासी,ओपी यादव,जयभारत यादव,मो०हसीब,लछमन यादव, वीरु पासी,सै०मो०हामिद,बब्लू भारतीय,नईम बाबा,रमेश यादव,छविनाथ यादव,जंग बहादुर ,संदीप कुमार,फैजी इशरत,श्यामू यादव,महेन्द्र निषाद,महेश निषाद,आदि हैं।




# जिला अस्पताल में मानसिक विकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर किया गया आयोजन

रायबरेली। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के दिशा–निर्देशन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के तत्वाधान मानसिक विकार विषय पर जिला अस्पताल, रायबरेली में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के अन्तर्गत प्रावधानों के बाबत उपस्थित लोगों को उनके चिकित्सीय एवं विधिक अधिकारों के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया कि कैसे आप उक्त अधिनियम के अन्तर्गत अपने चिकित्सीय अधिकारों के प्रति जागरुक रहते हुए मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम का लाभ उठा सकते है। इस अवसर पर मेंटल हेल्थ एक्ट 2017 के सम्बन्ध में विस्तार से बताया एवं धारा 309 भा0द0सं0 के सम्बन्ध में अवगत कराया गया बताया गया कि यदि कोई मंदबुद्धि आत्महत्या का प्रयास करता है तो उसे आत्याधिक तनाव से ग्रस्त मानते हुए उसका अपराधीकरण नहीं किया जायगा अपितु उसे मानसिक रोगी मानते हुए उचित चिकित्सीय देख–रेख में रखा जाएगा। इस अवसर पर सी0एम0एस0 डा0 एन0के0 श्रीवास्तव व मानसिक रोग विशेषज्ञ डा0 प्रदीप कुमार के अतिरिक्त पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, जमुना प्रसाद, निहारिका शुक्ला, सुरेन्द्र पुनीत आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बदलवायी तहरीर, दो दिन बाद दर्ज किया मुकदमा

## –राजनैतिक हस्तक्षेप भारी रहा पुलिस पर

संवाददाता
प्रयागराज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गाँव में दलित महिला के साथ हुये बलात्कार के मामले में पुलिस ने राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते महिला से तहरीर बदलवा कर दो दिन बाद मुकदमा दर्ज किया। भले ही पुलिस महकमे के आला अधिकारी त्वरित कार्यवाही करने का आश्वाशन देते हैं किन्तु वास्तविकता क्या है इसका जीता जागता नमूना सरायइनायत थाना क्षेत्र के जमुनीपुर में प्रधान के गुर्गे द्वारा दलित महिला के घर में घुस कर दुराचार करने के मामले में दो दिन बाद तहरीर बदलवा कर मुकदमा दर्ज किया गया. जब तक महिला ने मुख्य आरोपी के अतिरिक्त प्रधान पुत्र और एक अन्य का नाम तहरीर से नहीं हटाया तब तक पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया. पुलिस ने महिला की तहरीर पर बेलवार गाँव के सचिन दुबे के खिलाफ 364 व 452 एसीध् एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया. लोगों का आरोप है कि थाने पर राजनैतिक हस्तक्षेप प्रभावी हैं. मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गयी है.

# मालगाड़ी के चलते नई बाजार नैनी में घंटों जाम, राहगीर परेशान

संवाददाता
प्रयागराज । नैनी क्षेत्र के टी.एस.एल. रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी के आ जाने से सड़क पर घंटो जाम लग गया। जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम को तकरीबन चार बजे मिर्जापुर रोड नई बाजार टी.एस.एल. रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी के आ जाने से फाटक बंद कर दिया गया । जिसके चलते इस रोड पर घंटों जाम लग गया। जाम में कई एंबुलेंस भी फंसे रहे। छोटे–बड़े वाहन रेंगते नजर आए। जानकारी मिलने पर नैनी पुलिस पहुंची, काफी मशक्कत कर जाम खुलवाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है, कि इस जगह पर आए दिन मालगाड़ी के चलते जाम की समस्या पैदा हो जाती है। और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, जख्मी

संवाददाता
प्रयागराज । नैनी थाना क्षेत्र के रामनगर चौराहे पर पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिसमें वह मामूली तौर पर जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर तकरीबन दो बजे अंबेडकर नगर नैनी निवासी मोहम्मद असद 40 वर्षीय किसी काम से पैदल कहीं जा रहा था, जैसे ही वह राम नगर चौराहे पर पहुंचा, तभी सामने से आ रहे हैं बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया । जिसमें वह मामूली तौर पर जख्मी हो गया। उपचार के लिए उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना के बाद बाइक चालक भाग गया।

# जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने आज

संवाददाता
अयोध्या। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने आज 14 दिसंबर 2020 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेतिया से 9 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों को ष्विटामिन–एष की खुराक पिलाकर ष्बाल स्वास्थ्य पोषण माहष का किया शुभारंभ। इस बार इस अभियान के अंतर्गत जनपद के 9 माह से 5 वर्ष तक के कुल 312343 बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन–ए की खुराक। आज दिनांक 14 दिसंबर 2020 से प्रारंभ होकर 9 जनवरी 2021 तक चलेगा यह अभियान। जनपद के सभी सीएचसी, पीएचसी एवं उप केंद्रों पर प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को ए0एन0एम0 के द्वारा पिलाई जाएगी ।

# कृषि विधेयक बिल को लेकर किया गया प्रदर्शन

संवाददाता
महोबा। सरकार द्वारा लाये गए कृषि विधेयक बिल के विरोध में महोबा जिले में आज सैंकड़ों किसानों ने प्रदर्शन कर किसान विधेयक बिल को वापस

लेने की मांग की इस दौरान किसानो ने भाजपा सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल के आवास को भी घेरने की कोशिश की मगर पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया तो किसानों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौपा। महोबा मुख्यालय में आज भारतीय किसान यूनियन ने सरकार द्वारा लाये गए कृषि विधेयक बिल के विरोध में प्रदर्शन किया और इस बिल को किसान विरोधी बताते हुए वापस लेने की मांग की । किसान यूनियन द्वारा भाजपा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के आवास का घेराव करने जा रहे थे लेकिन रास्ते मे पुलिस ने रोक लिया । किसान यूनियन द्वारा किसान विरोधी विल वापस लिए जाने के सम्बंध में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौपा ।
वही किसान नेताओ का कहना है कि हम लोग राजनैतिक दल से नही है और सांसद के आवास आकर उनसे अपना हिसाब लेने आये है क्योकि हमारे फसल में बीज तक नही निकल पा रहा है उसका मुआबजा दिलाया जाए और सरकार द्वारा बनाये गए कृषि कानून यह किसानो के लिए नही बल्कि पूंजीपतियों के लिए है इसे वापस लिया जाए । कृषि विधेयक बिल को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन।



# नैनी में लोक सेवा आयोग की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

गणेश प्रसाद द्विवेदी
प्रयागराज । रविवार को नैनी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर बनाने गए परीक्षा केंद्रों पर लोक सेवा आयोग की परीक्षा बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।
रविवार को नैनी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कुल 31 जगहों पर परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर दो पाली में परीक्षा आयोजित किए गए। यह परीक्षा बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सभी केंद्रों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। परीक्षा समाप्त होने के पश्चात सड़कों पर कभी भीड़ भाड़ देखी गई। वाहनों पर बैठने के लिए लोगों में होड़ सी लगी रही।

# चलती ट्रक में बाइक सवार पीछे से घुसा, बाल–बाल बचा

संवाददाता
प्रयागराज । नैनी थाना क्षेत्र के अरैंल मोड़ पर रविवार की शाम चलती ट्रक में बाइक सवार युवक पीछे से घुस गया, जिसमें वह बाल–बाल बच गया।
मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम तकरीबन 6 बजे सच्चा बाबा अरैंल निवासी प्रिंस मिश्रा 28 वर्षीय शहर से बाइक से अपने घर के लिए लौट रहा था जैसे ही वह अरैंल मोड़ पर पहुंचा, तभी वह आगे जा रहे ट्रक में पीछे से घुस गया। शोर मचाने पर ट्रक चालक रुक गया। आसपास के लोगों ने उसे ट्रक के नीचे से बाहर सुरक्षित निकाला। उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

# भारतीय जनता पार्टी किसानों की हितैषी–लल्लन सिंह पटेल

संवाददाता
प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर की बैठक नैनी में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष लल्लन सिंह पटेल रहे। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर के महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए लल्लन सिंह पटेल ने कहा, की भारतीय जनता पार्टी किसानों की हितेषी है । बाकी दल किसानों को लॉलीपॉप दे करके उनको भ्रम फैला करके उनका शोषण करते हैं, उनके विकास का कार्य कोई भी दल नहीं करता । भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिन्होंने किसान की भलाई के लिए एक नया कानून बनाया। और किसानों के हित के लिए कार्य किया । इस अवसर पर संजय कुमार श्रीवास्तव, मृत्युंजय कुमार,नीरज शर्मा सुनील विश्वकर्मा, रजनीश उपाध्याय, जनार्दन शुक्ला, प्रदीप, पिंटू ठाकुर ,बबलू, जनार्दन शुक्ला ,सुशील कुमार वर्मा,आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों के समर्थन मेंधरने पर बैठे सपा कार्यकर्ता सुरक्षा भी रही मजबूत

रायबरेली। कृषि बिल के विरोध में सपा कार्यकर्ता सुपर मार्केट में धरने पर बैठे हैं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के आवाहन पर प्रदर्शन कर रहे सपा नेताओं का कहना है कि सरकार जो कृषि लाई है उसमें किसानों का हित नहीं है केंद्र सरकार को इस बिल को वापस लेना होगा। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकाला। प्रदर्शन में विधायक डॉ मनोज पांडे और सभी पूर्व एमएलए मौजूद है। समाजवादी पार्टी के सलोन से पूर्व विधायक आशा किशोर और बचावा के पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने अपने साथियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



# 24 घण्टे में गुरुबक्शगंज पुलिस द्वारा युवक के हत्यारे का खुलासा

संवाददाता
रायबरेली। पुलिस यदि चाह ले तो है तो अपराध व अपराधियों के ऊपर अंकुश लगाया जा सकता है । यह बात गुरबक्शगंज पुलिस द्वारा साबित कर दिया गया । महज 24 घंटे के भीतर युवा के हत्यारे को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लेकर यह खुलासा कर दिया। कमलापति पत्नी राम शंकर लोधी निवासी किरतपुर मजरे सताव थाना गुरबक्श गंज द्वारा यह तहरीर दी गई थी कि उसके पुत्र रामबरन को खेत में अज्ञात लोगों द्वारा गले में गमछा कसकर हत्या कर दी गई थी। इस सूचना पर गुरबख्श गंज पुलिस द्वारा अज्ञात मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना प्रारंभ की गई तो विवेचना के मध्य तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक रामबरन द्वारा खेत में पानी लगाते समय रात्रि में अपनी भाभी से खेत में के किनारे बैठ कर कुछ बातचीत करने लगा है। इसी बीच खेत में जाने वाला पानी कहीं अन्य बहने लगा जिससे शमशेर पुत्र राम सिंह लोधी द्वारा घर से लौटने पर पानी को कहीं दूसरी जगह जाते देखकर तथा उसकी पत्नी व भाई को एक जगह बैठा देखकर उसके द्वारा किए जा रहे हैं हंसी मजाक को बुरा मान कर मारने को रामबरन की तरफ दौड़ा। मृतक रामबरन गड्ढे दार खेत की तरफ भागा जो उसी गड्ढे में गिर गया । जिसे उसी गड्ढे में शमशेर द्वारा गमछे को रामबरन के गले से पीछे की ओर खींचा और उसे मारने का प्रयास करने लगा। परंतु गमछा उसके गले में फंस गया और उसकी मृत्यु हो गई । अभियुक्त के खिलाफ अपराध पाए जाने पर धारा 302 की धारा 304 में परिवर्तित किया गया तथा अभियुक्त राम सिंह लोधी उम्र 27 वर्ष के खिलाफ दोष साबित हुआ है जिसका खुलासा दिनांक 14 2020 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी महोदय लालगंज के कुशल मार्गदर्शन में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त शमशेर पुत्र लोधी निवासी कीर्तो थाना गुरबक्श गंज रायबरेली को अथक प्रयास के बाद गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम में गुरबक्श गंज थाना प्रभारी संतोष कुमारी वह साथ साथ में आरक्षी विनय कुमार आरक्षी सोनू व महिला आरक्षी गीता कुमारी द्वारा गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया।

# सपा नेता अजय रावत को पुलिस ने किया नजर बन्द

संवाददाता
सोहावल। अयोध्या केन्द्र सरकार द्वारा किसानों पर जबरन थोपे जा रहे जन विरोधी व काले कानून के विरोध और किसानो के समर्थन में आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सीयम माननीय अखिलेश यादव जी निर्देश पर जनपद अयोध्या–फैजाबाद में होने वाले एक दिवसीय धरना को विफल करने के लिए तानासाही सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन ने अजय रावत समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला पंचायत प्रत्याशी सोहावल प्रथम)को हाउस अरेस्ट व नजर बन्द कर लिया। इस दौरान श्री रावत ने कहा कि हम समाजवादी श्री अखिलेश यादव जी के सच्चे सिपाही है। इस तानाशाही हिटलरशाही सरकार से डरने वाले नहीं है। नियम कानून के दायरे में मा० अखिलेश यादव जी के निर्देशों का पालन करते हुये किसानों के हक में अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। भाजपा सरकार जबरन लोकतंत्र की हत्या कर रही है। आमजन की आवाज को दबाया जा रहा है। किसान नवजवान व आमजन सब परेशान है। सरकार को इनकी फिक्र नही है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों की गोदी में बैठी है। अमीरों व उद्योगपतियों के इसारे पर किसानों के साथ यह सरकार खेल खेल रही है। नई कृषि कानून से किसान बरबाद हो जाएंगे। यह काला कानून है।

# पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर राम अभिलाष त्रिपाठी के आदेश पर एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर मयाराम वर्मा के निर्देश पर व क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव के कुशल पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार राहुल सिंह यादव के नेतृत्व में थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त मुन्ना पथरकट्ट पुत्र देवकी पथरकट्ट निवासी महुरैया थाना उसका बाजार सिद्धार्थनगर अन्तर्गत धारा 354,326,323,504,506 भादवि0 व 08 पाक्सो एक्ट को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया




# राम मंदिर निर्माण को लेकर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने किया ट्वीट

संवाददाता
अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने किया ट्वीट। ट्वीट कर राम मंदिर निर्माण के बारे में दी जानकारी। लार्सन एंड टूब्रो कंपनी को दिया गया है राम मंदिर निर्माण का कार्य।सलाहकार के रूप में टाटा कंसल्टेंसी इंजीनियर को दी गई है जिम्मेदारी।संपूर्ण मंदिर बनेगा पत्थरों से। तीन मंजिला होगा मंदिर। प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई होगी 20 फीट। मंदिर की लंबाई 360 फीट। चौड़ाई 235 फीट होगी। भूतल से 16.5 फीट ऊंचा होगा मंदिर का फर्श। भूतल से गर्भ गृह के शिखर की ऊंचाई 161 फीट होगी धरती के नीचे 200 फीट गहराई तक मृदा परीक्षण व भविष्य के लिए संभावित भूकंप के प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है। जमीन के नीचे 200 फीट तक भुरभुरी बालू पाई गई है। गर्भ गृह के पश्चिम में कुछ दूरी पर सरयू नदी का प्रवाह है।इस भौगोलिक परिस्थितियों में 1000 वर्षों के आयु वाले पत्थरो के मंदिर का भार सहन कर सकने वाली मजबूत और टिकाऊ नीव की ड्राइंग पर आईआईटी मुंबई आईआईटी दिल्ली आईआईटी चेन्नई आईआईटी गुवाहाटी व केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की के इंजीनियर आपस में कर रहे परामर्श।शीघ्र ही नीव का प्रारूप तैयार जल्द ही निर्माण कार्य होगा प्रारंभ। श्री राम जन्म भूमि मंदिर की ऐतिहासिक सच्चाई से अवगत कराने के लिए देश के प्रत्येक राज्य के कोने कोने में घर–घर जाकर करेंगे संपर्क। अरुणाचल प्रदेश नागालैंड अंडमान निकोबार रण कच्छ त्रिपुरा में कराएंगे ऐतिहासिक सच्चाई से रूबरू। लाखों कार्यकर्ता गांव और मोहल्लों में जाएंगे तो स्वेच्छा से कुछ ना कुछ निधि लोग करेंगे समर्पण। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 10 रुपये सौ रुपए व 1000 रुपये के बनाए गए हैं कूपन व रसीदे। करोड़ों घरों में भगवान के मन्दिर चित्र पहुंचेगा। जनसंपर्क का कार्य मकर संक्रांति से होगा प्रारंभ।

# सपा नेताओं के हाउस अरेस्ट होने के बाद भी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता
अयोध्या। शहर के रीडगंज चौराहे पर किया प्रदर्शन।पुलिसकर्मियों के साथ की धक्का–मुक्की। सरकार के खिलाफ लगाए नारे।किसानों के समर्थन में सपा ने किया प्रदर्शन। सिटी मजिस्ट्रेट सत्य प्रकाश को सौंपा ज्ञापन। सपा के कई कद्दावर नेता हैं हाउस अरेस्ट। हाउस अरेस्ट हुए पूर्व राज्यमंत्री व सपा नेता पवन पांडे का बयान। केंद्र और प्रदेश सरकार कर रही किसानों का उत्पीड़न। किसानों पर दर्ज हो रहे फर्जी मुकदमे। किसानों की जमीन पूजीपतियों को देने की फिराक में है केंद्र सरकार। समाजवादी पार्टी करती है इसका विरोध। कृषि बिल को वापस लेने की करते हैं मांग। भाजपा सरकार ने सपा नेताओं को किया हाउस अरेस्ट।सपा की आवाज को नहीं दबा सकती भाजपा सरकार।जनता और किसान को मुद्दे को उठाएंगे।

# छह गांवों को जोड़ेगी 17 किमी लंबी सड़क

बांदा। छह गांवों को जोड़ने के लिए 17 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। इसे प्रधानमंत्री सड़क योजना में स्वीकृत किया गया है। बिसंडा क्षेत्र के सिकलोढ़ी गांव में सांसद आरके सिंह पटेल और विधायक प्रकाश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से शिलान्यास की रस्म की। शिलापट का अनावरण और पूजा–पाठ किया। सांसद और विधायक ने बताया कि यह सड़क छिबांव, मकरी, नाई, सिकलोढ़ी और पुनाहुर गांवों को जोड़ते हुए बिसंडा–अतर्रा मुख्य मार्ग पर जुड़ेगी।

# प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को परीक्षा पूर्व देती है प्रशिक्षण

संवाददाता
महोबा। प्रदेश सरकार प्रदेश के अनुसूचित जातिध्जनजाति के ग्रामीण क्षेत्रों व मध्यम वर्गीय कम आय वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण देकर अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं व सम्मिलित राज्य सेवा परीक्षाओं के लिए तैयार करती है। अक्सर ग्रामीण तथा कम आय वाले मध्यम वर्ग के अनु0 जातिध्जनजाति के परिवारों के बच्चे प्रतिभावान, मेधावी, लगनशील, परिश्रमी होते हुए भी उचित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं पाठ्यक्रम से सम्बंधित उचित पुस्तकों की जानकारी के अभाव में आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी नहीं कर पाते हैं। धनाभाव व परीक्षाओं के पाठ्यक्रमों की अच्छी जानकारी न होने से ऐसे प्रतिभावान छात्रध्छात्राएं पीछे रह जाते हैं।
प्रदेश सरकार भारतीय प्रशासनिक सेवाओं एवं सम्मिलित राज्य सेवाओं की परीक्षाओं से सम्बंधित आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा पूर्व अत्यन्त उच्चकोटि के स्तर की पढ़ाईध्मार्गदर्शन, प्रशिक्षण प्रदेश के 7 परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों पर दिलाती है। इन प्रशिक्षण केन्द्रों पर अद्यतन परिवर्तितध्परिवर्धित होने वाले पाठ्यक्रमों के अनुरूप विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिस्पध्र्ात्मक तैयारी के निमित्त कोचिंग केन्द्रों के माध्यम से उक्त वर्ग के अभ्यर्थियों को स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कुशल बनाया जाता है। अनुसूचित जातिध्जनजाति के प्रतियोगी अभ्यर्थियों को प्रदेश के कोचिंग केन्द्रों में इस तरह से तैयार किया जाता है कि वे पूर्ण ज्ञान एवं आत्मविश्वास के साथ इन परीक्षाओं में भाग ले सकें और इन परीक्षाओं में सफल होकर इस वर्ग का उचित प्रतिनिध्त्वि कर सकें। इन प्रशिक्षण केन्द्रों में अभ्यर्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ रहने, खाने की व्यवस्था निःशुल्क रहती है, जिसका आने वाला व्यय प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है।
प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वर्तमान में 7 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र हैं। छत्रपति शाहू जी महराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान भागीदारी भवन लखनऊ में स्थित है। इस केन्द्र में 300 अभ्यर्थियों के पढ़ने की क्षमता है जिसके 50 प्रतिशत पिछड़ी जाति, 45 प्रतिशत अनुसूचित जाति व 05 प्रशित जनजाति के अभ्यर्थी होते हैं। दूसरा आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र बालिका अलीगंज लखनऊ में है। इस 150 अभ्यर्थियों की क्षमता वाले केन्द्र में 50 प्रतिशत पिछड़ी जाति, 45 प्रतिशत अनुसूचित जाति व 5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की बालिकाएं होती हैं। तीसरा न्यायिक सेवा प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज है जिसमें 50 अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश में चौथा सन्त रविदास आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र वाराणसी है, जिसमें 100 अभ्यर्थियों की क्षमता है। पांचवा डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र अलीगढ़ में 200 अभ्यर्थियों एवं छठा आगरा में 200 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण केन्द्र है। प्रदेश में सातवां आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 कोचिंग केन्द्र निजामपुर हापुड़ में है। 200 अभ्यर्थियों की क्षमता वाले इस केन्द्र में 120 पुरूष व 80 महिला अभ्यर्थी रहकर प्रशिक्षण लेते हैं। प्रदेश की प्रतिवर्ष 1200 अभ्यर्थियों की क्षमता के इन कोचिंग केन्द्रों में पात्र अभ्यर्थियों को विधिवत परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में इन कोचिंग केन्द्रों में लगभग 2700 अभ्यर्थियों ने प्रतियोगी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण लिया है जिनमें सरकार ने 14.61 करोड़ रू0 व्यय किये हैं। कोविड–19 के कारण वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्रशिक्षण कार्य अभी स्थगित है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह बांदा में किसान सम्मेलन को करेंगे संबोधित




संवाददाता
महोबा। सोमवार के रोज भारतीय जनता पार्टी जिला महोबा कार्यालय में किसान मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अपेक्षित पदाधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल उपस्थित रहे,पटेल ने किसान बिल पर हो रहे विरोध्ा को विरोधियों की साजिश करार दिया,उन्होंने बताया कि बिल किसानों के हित में है बिल में एमएसपी का प्रावधान खत्म नहीं किया गया है बल्कि किसानों को अनाज कहीं पर भी बेचने की छूट दी गई है देश विरोधी ताकतें किसानों को भ्रमित कर आंदोलन का रूप दे रही हैं, इसलिए हम किसान सम्मेलन के माध्यम से किसान भाइयों को सच्चाई से अवगत कराएंगे एवं यह आश्वस्त करेंगे कि भाजपा सरकार हमेशा से किसान हितेषी रही है एवं आगे भी रहेगी! जिला अध्यक्ष ने बताया कि किसान सम्मेलन की योजना बैठक में ज्यादा से ज्यादा किसान भाइयों को जिले के प्रत्येक गांव से ले जाने जिम्मा किसान मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा को दिया गया है जिसमें लगभग 1000 से अध्कि किसान भाई सम्मेलन में भाग ले सकें! उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह दिनांक 16 दिसंबर को पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र किसानों को बांदा के राइफल क्लब मैदान। दोपहर 12रू00 बजे से संबोधित करेंगे, एवं किसान बिल के विषय में विपक्ष द्वारा जो भ्रम फैलाया गया है उसकी सच्चाई से किसान भाइयों को अवगत कराएंगे! बैठक में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हरि शंकर राजपूत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा संजीव उपाध्याय, बेलाताल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ कौशल सोनी, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश चौरसिया, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग नरेश राजपूत,किसान मोर्चा जिला महामंत्री प्रदीप मिश्रा,उपाध्यक्ष राकेश सिंह एवं राम अवतार सिंह, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र महेंद्र, जयपाल सिंह,भरत तिवारी, कार्यालय प्रभारी राधेश्याम गुप्ता एवं सह प्रभारी वीरेंद्र मिश्रा,ध्ार्मेंद्र दीक्षित आदि सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे, जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शशांक गुप्ता द्वारा दी गई!

# 16 लाख के भूसा घोटाले में ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

संवाददाता
बांदा। अतर्रा अस्थाई गोशालाओं के नाम पर चारा–भूसा घोटाले पर आठ माह तक चली जांच के बाद आरोपी ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। घोटाला की गई 16 लाख की रकम की वसूली के आदेश दिए गए हैं। ग्राम प्रधान पर भी कार्रवाई की जाएगी। चारा–भूसा घोटाले की विधायक ने शिकायत की थी। नरैनी क्षेत्र की छतैनी ग्राम पंचायत में अन्ना पशुओं के लिए बनाई गई अस्थाई गोशाला के नाम पर चारा–भूसा आदि के लिए पिछले वर्ष करीब 16 लाख रुपये दिए गए थे। आरोप है कि एक बार खरीदे गए भूसे के ढेर की कई बार अलग–अलग फोटो लेकर अलग–अलग खरीद दिखा दी गई। लाखों रुपये हड़प लिए गए। ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी पर यह घोटाला किए जाने के आरोप लगे। क्षेत्रीय विधायक राजकरन कबीर ने मुख्यमंत्री सहित उच्चाध्किारियों को पत्र लिखा। डीएम ने जिला कृषि अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार और जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीर की दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच कराई। जांच अध्किारियों ने चारा–भूसा में घोटाला पकड़ते हुए अपनी जांच रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी। सीडीओ हरिश्चंद्र वर्मा ने रिपोर्ट मिलने के बाद तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत अधिकारीध् सचिव विनय कुमार को निलंबित कर दिया है। उन्हें अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में संबद्ध किया गया है। बिना अनुमति जिला मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिए हैं। पूरे प्रकरण की तहकीकात बबेरू बीडीओ डॉ. प्रभात कुमार को सौंपी है। गौरतलब है कि छतैनी गांव में अस्थाई गोशाला के लिए 4 लाख 27 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाता था। उधर, जिला विकास अधिकारी कृष्ण करुणा शंकर पांडेय ने ग्राम पंचायत सचिव के निलंबन कार्रवाई की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान के बारे में भी जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए शिक्षा जरूरी

संवाददाता
उरई/जलौन। अनुरागिनी संस्था की ओर से बरकातिया मेमोरियल स्कूल गणेशगंज में अल्पसंख्यक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के पांचवें दिन बुंदेलखंड विश्व विद्यालय झांसी के समाज कार्य विभाग के संयोजक डॉ नईम ने जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण होती है। शिक्षा के अभाव में विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। जिला प्रोबेशन संरक्षण अधिकारी जूली खातून ने कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, निराश्रित महिला की पुत्री हेतु विवाह सहायता आदि की जानकारी दी। बुंदेलखंड महापरिषद के सचिव डॉ महेश पांडेय ने कहा कि मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, सिख पारसी आदि अल्पसंख्यक महिलाओं सरकार की ओर से जागरूक किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह जादौन, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के राजेश सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटर रवीन्द्र सिंह परमार ने भी विचार रखे। चांदनी, सुल्ताना, परवीन, मुस्कान, नगीना खान, अनम, जीनत, बुशरा, अंसारी, फ रहा, खुशनुमा, परवीन, नाजिया, सजिया सदमा, नाज समेत 25 महिलाओं, युवतियों ने प्रतिभाग किया। संचालन कुंदन सिंह ने किया।

# दबंगों ने घर में घुसकर मां–बेटे को पीटा

संवाददाता
बांदा। किशोर उम्र पुत्री से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंग युवकों ने घर में घुसकर मां और भाई को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों का आरोप है कि हमलावर एक आरोपी जबरन शादी का दबाव बना रहा था। पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों समेत 6 लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। घायल महिला ने बताया कि रविवार की रात आरोपी युवक और उसके परिजनों ने घर में घुसकर उसे और उसके युवा पुत्र को डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री 11वीं में पढ़ती है। स्कूल आते–जाते समय युवक उससे छेड़छाड़ करता था। कई दिनों से शादी के लिए दबाव बना रहा था। जान से मारने की धमकी देता था। उलाहना देने पर हमला कर दिया। कोतवाली नगर इंसपेक्टर जयश्याम शुक्ला ने बताया कि घायलों का जिला अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया है। महिला की तहरीर पर जरैली कोठी निवासी वसीम, शाहिद व दीनदयाल समेत 6 लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो व एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंसपेक्टर का कहना है कि महिलाओं के बीच हुए विवाद को तूल दिया जा रहा है। एक अन्य घटना में मटौंध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली गांव निवासी वसीम (40) पुत्र कल्लू खां और उसकी पत्नी शबीना (32) को उसके छोटे भाई ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वसीम ने बताया कि बकरियां घर में घुस जाने को लेकर मारपीट की। आरोप लगाया कि हमलावर भाई ने उसके तमंचा अड़ा दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बच्चों को प्लास्टिक व पालीथिन के दुष्प्रभावों से अवगत कराया

संवाददाता
बरेली। एस वी समूह द्वारा आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पर्यावरण गतिविधि विक्रम नगर बरेली



महानगर के सौजन्य से एक शईको ब्रिक्स कार्यशालाश में ऑफलाइन व ऑनलाइन तरीके से बच्चों को प्लास्टिक व पॉलीथिन से होने वाले दुष्प्रभावों और इससे हमारे पर्यावरण पर पढ़ने वाले नुकघ्सान के बारे में बताया गया। कार्यशाला में एस.एस.वी. पब्लिक स्कूल, एस.एस.वी.इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमें छात्रों द्वारा बनायी गई इको ब्रिक्स का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यशाला में प्रबंधक प्रेम प्रकाश शर्मा ने बताया कि अक्सर लोग पानी या कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतल और चिप्स–कुरकुरे के खाली रैपर इधर–उधर फेंक देते हैं। तमाम पाबंदी के बावजूद पॉलीथिन का इस्तेमाल भी पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। प्लास्टिक का कचरा न केवल पर्यावरण बल्कि जमीन को भी नुकसान पहुंचा रहा है। जमीन में दबा देने पर भी इसे गलने में सैकड़ों वर्ष लग जाते हैं। वहीं आग में जलाने पर यह हानिकारक गैस बनाता है। ऐसे में यह प्लास्टिक कचरे के निस्तारण का एक नायाब तरीका है। जिससे अब हम इस सबको ईको–ब्रिक्स में तब्दील कर निर्माण कार्यों में इस्तेमाल कर सकते हैं।
चेयरमैन व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विक्रम नगर, पर्यावरण प्रमुख साकेत सुधांशु शर्मा ने बताया कि शईको ब्रिकश बनाने के लिए प्लास्टिक की खाली बेकार बोतलों की जरूरत होती है। इन बोतलों में प्लास्टिक वेस्ट भरना होता है और एक बार संकुचित करना होता है। ऐसा करने से एक ठोस उत्पाद तैयार हो जाता है, जो काफी मजबूत होता है। इन्हें ईंटों की जगह इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्लास्टिक के कचरे के खिलाफ लडने में भी मददगार है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पर्यावरण गतिविधि, विभाग संयोजक धर्मेंद्र सचान ने बताया कि आज की सबसे बड़ी बात यह है कि तमाम स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की बात तो होती है, लेकिन अभी भी एक बड़ा तबका इसे लेकर संजीदा नहीं है। इस अभियान का मकसद यही है कि लोग जागरूक हों और इस काम में भागीदारी करें। प्लास्टिक कचरे में प्रतिदिन इजाफा होता चला जा रहा है और सवाल यह उठता है कि इसको रिसाइकिल करके किस तरह इस्तेमाल में लाया जाए। मौजूदा दौर में इन शईको ब्रिक्सश का इस्तेमाल कई निर्माण कार्यों में किया जा रहा है। लोग खुद भी इस ओर पहल कर सकते हैं।
इस दौरान कार्यक्रम मे अध्किारी अंजलि शर्मा, धर्मेंद्र सचान, पल्लवी, वैशाली, नीता, अंजली, साक्षी, कोमल, पंकज, सर्वेश, मोहन स्वरूप, प्रदीप,सौरभ, मोनू, राकेश आदि उपस्थित रहे।

# पहाड़ और नदियों में खनन से बुंदेलखंड में पानी संकट

संवाददाता
बांदा। बुंदेलखंड में जल संरक्षण पर आने वाली चुनौतियों को लेकर वर्चुअल वेबिनार हुआ। विशेष वक्ता आईपीएस अधिकारी जुगुल किशोर तिवारी ने कहा कि बुंदेलखंड जल की विरासत में तालाब, कुआं और नदियों से संपन्न रहा है, लेकिन पहाड़ों और नदियों के खनन से जल के पारंपरिक स्रोतों में संकट आ रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में पहाड़ों के उत्खनन, वनों के विनाश और अत्यधिक बालू खनन में यहां की प्राकृतिक संतुलन को काफी नुकसान पहुंचाया है। समाज, सरकार और स्थानीय लोग जल संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आएं। विधायक राजकरन कबीर (नरैनी) ने कहा कि तालाब, कुआं, नदियों की संस्कृति से दूर हटना और भौतिकतावादी होना बुंदेलखंड में जल संकट बढ़ा रहा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भी जिक्र किया। विधायक नरेंद्र पाल (कालपी) ने कहा कि बुंदेलखंड सांस्कृतिक और पर्यटन क्षेत्र में संपन्न है। जल विरासत के लिए वह अपने कालपी क्षेत्र में अभियान चला रहे हैं। ऐसे अभियान चलाकर पूरे बुंदेलखंड को पानीदार बनाया जा सकता है। प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने कहा कि वैदिक काल से अब तक नदी–तालाबों का महत्व है। नई पीढ़ी इससे दूर हो रही है। उन्होंने जल साक्षरता अभियान आंदोलन पर जोर दिया। पूर्व आईएएस आरएस वर्मा ने गांव–गांव में पानी पंचायत और पानी चौपाल की जरूरत बताई। वेबिनार की अध्यक्षता कर रहे स्वामी सोमेश्वरानंद महाराज ने कहा कि पहाड़ और पेड़ ही पानी बनाने की मशीन हैं। इन दोनों को बचाना होगा। नए पेड़ लगाने होंगे। बुंदेलखंड में तभी पानी बढ़ेगा। पेड़ बचाने की मुहिम चलाने की जरूरत बताई। वेबिनार का संचालन कर रहे शोध छात्र रामबाबू तिवारी ने कहा कि चंदेलकाल में बुंदेलखंड में चार हजार से ज्यादा तालाब थे। चरखारी (महोबा) और कालिंजर (बांदा) तालाबों के लिए विश्वविख्यात था। जमींदार और राजा आदि तालाब बनवाते थे। उन्होंने कहा कि इस संस्कृति को बचाने और बढ़ाने की जरूरत है। मोटे अनाज उत्पादन पर भी जोर दिया।

# बरेली समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा

संवाददाता
बरेली।समाजवादी पार्टी के प्रदेश आवाहन पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अगम मौर्य जी के नेतृत्व में महानगर अध्यक्ष श्री शमीम खान सुल्तानी जी के साथ समाजवादी पार्टी के सैकड़ों वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर कृषि अधिनियम के तीनों कानून तत्काल प्रभाव से खत्म करने की मांग को लेकर शांतिपूर्वक धरने पर बैठे, जहां धरना खत्म कराने के लिए और ज्ञापन देने के लिए बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट धरना स्थल पर पहुंच गए इस पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अगम मौर्य ने कहा कि हमारे कुछ साथियों को सुबह पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया है जब तक आप उनको रिहा नहीं करोगे धरना प्रदर्शन जारी रहेगा सिटी मजिस्ट्रेट ने यह बात मान ली जब ग्रिफ्तार सभी साथी धरना स्थल पर रिहा होकर आ गए तब जिला अध्यक्ष जी और महानगर अध्यक्ष जी ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा ,इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया यह ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को भेज दिया जाएगा तब जाकर समाजवादी पार्टी ने अपना धरना समाप्त किया।
इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अगम मौर्य जी ने कहा कि अगर कृषि अधिनियम के तीनों कानून को वापस नही लिया जाता,तो समाजवादी पार्टी सड़क से संसद तक हमेशा की तरह किसानों के हित आवाज बुलंद करती रहेगी और आंदोलन को और गति दी जाएगी। इसी क्रम में महानगर अध्यक्ष श्री शमीम खान सुल्तानी जी ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है किसानों पर अत्याचार जारी है, पराली जलाने को लेकर काफी



किसानों पर मुकदमे लिखे गए हैं हम समाजवादियों की मांग है, सरकार किसानों के हित को देखते हुए पराली जलाने को लेकर जो मुकदमे किसानों पर हुए है उन्हें सरकार को तत्काल वापस करना चाहिये।
इस अवसर पर पूर्व मंत्री अताउर रहमान पूर्व विधायक महिपाल सिंह, पूर्व विधायक सुल्तान बेग,पूर्व विधायक शहजिल इस्लाम, पार्टी के महासचिव सत्येंद्र यादव शुभलेश यादव ,कदीर अहमद ,पुरषोत्तम गंगवार,रविंदर यादव, मयंक शुक्ला गौरव सक्सेना,रहीस मियां अव्वासी,शमीम अहमद,सूरज यादव,राजेश अग्रवाल आदेश यडकव पार्षद,बृजेश श्रीवास्तव, शेर सिंह गंगवार,कमर एजाज शानू,दीपक शर्मा,दिनेश यादव, असलम खान,कमल साहू,अशफाक गाजी,भारती चौहान,क्षितिज यादव,समयुन खान,अरविंद यादव,हरीश सागर लाखा,गजेंद्र कुर्मी,विजेंद्र सिंह,विशाल सागर,सुरेश गंगवार,रामौतार यादव,विशाल गौतम,रविन्द्र प्रताप श्रीवास्तव,आरिफ कुरैशी, दीप्ति पांडेय,मेराज अंसारी,गोविन्द सैनी,सीमा श्रीवास्तव,वैभव गंगवार,हेमंत राणा,सकूर सलमानी, करण सिंह सागर,मुकेश यादव,गोकरण यादव,सर्वेश सैनी,विक्रांत सिंह पाल,जितेश कुर्मी,विशाल कश्यप,सुनील श्रीवास्तव,अकील गुड्डू,गिरीश कश्यप,इशर्फील राशमी, फैज मोहमद,मोहित भारद्वाज,सूरज वर्मा,प्रशांत यादव,आशु सक्सेना,डॉ चाँद मियाँ ,केपी राठौर,शिव कुमार प्रजापति,संतोष दिवाकर,सचिन शर्मा,योगी राठौर आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ओवरफ्लो हुई जैतपुरा माइनर, खेत और सड़क जलमग्न

संवाददाता
उरई/जलौन। नदीगांव ब्लॉक में जैतपुरा ओवरफ्लो होने से कई गांवों की फसलों में पानी भर गया है। सड़क के ऊपर से पानी बहने से आवागमन भी दिक्कत हो रही है। लुहारी गांव के पास कुठौंद शाख से निकली जैतपुरा माइनर ओवरफ्लो होने से चटसारी, ऊंचागांव और डाबर समेत कई गांवों की फसलों में पानी भर गया है। सड़क के ऊपर से पानी बहने से आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। पानी के बहाव में सड़क में कटान भी होने लगा है।किसान गोविंद सिंह निरंजन, उमेश निरंजन, गोविंद चौधरी, संजीव महाराज, बलवीर कौरव आदि ने आरोप लगाया कि माइनर की सफाई ठीक से नहीं की गई है। पटरियां ठीक न होने से टूट जाती हैं। किसानों ने बताया कि पानी भरने से फसलों को नुकसान हुआ है। एसडीएम अशोक कुमार कहा कि विभागीय अभियंता को समाधान के लिए कहा गया है। ऊंचागांव के किसान सुरेंद्र का कहना है कि जैतपुरा माइनर की सफाई कभी नहीं कराई जाती है। हर साल नहर ओवरफ्लो होने से फसलों को नुकसान होता है। शिकायतों के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। समस्या के लिए ठेकेदार और अधिकारी जिम्मेदार हैं। किसान महेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी फसल में भी पानी भर गया है। कहा कि एक तरफ मौसम की मार और दूसरी तरफ नहर विभाग की लापरवाही ने बर्बाद कर दिया है।

# बलगम वाली खांसी हो या जिद्दी जुकाम, होममेड कफ से पाएं छुटकारा

सर्दी के मौसम में गला खराब, खांसी, जुकाम और कफ की समस्या होना आम बात है। कफ



के साथ–साथ बुखार, थकावट, सिरदर्द, आंखों में थकान जैसी दिक्कतें भी झेलनी पड़ती है इसलिए इसका इलाज करना बहुत जरूरी है। मगर, आप डॉक्टरी दवाओं के अलावा घरेलू नुस्खे अपनाकर भी इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। यहां हम आपको घर पर ही एक होममेड सिरप बनाना सिखाएंगे, जिससे कफ के साथ आपकी अन्य समस्याएं भी दूर हो जाएंगी।

सामग्रीः
–500 मि.ली पानी
–1 टीस्पून अजवाइन
–1 टीस्पून हल्दी
–1 टीस्पून शहद

सिरप बनाने का तरीका

1. सबसे पहले एक पैन में पानी डालकर धीमी आंच पर पानी उबालें और फिर इसमें अजवाइन और हल्दी डालकर पकाएं।
2. मिश्रण को ठड़ा होने पर एक टीस्पून शहद मिलाकर पीएं।

क्यों फायदेमंद है यह सिरप

इससे छाती में रक्त संचय साफ हो जाता है और यह बलगम को भी बाहर निकाल देता है। इससे सर्दी–खांसी, जुकाम से छुटकारा मिलता है।

कफ निकालने के अन्य घरेलू उपाय

1. सरसों के तेल में नमक मिलाकर छाती पर मालिश करें। इससे छाती में जमा कफ व बलगम की गांठे निकल जाएगी।
2. दो कप पानी में 15–20 काली मिर्च डालकर आधा रह जाने तक उबालें। अब इसमें शहद मिलाकर गुनगुना पीएं।
3. शहद में नींबू मिलाकर दिन में 2 बार पीएं। शहद में एंटी–इंफ्लामेशन और नींबू में सिट्रिक अम्ल होते है, जो कफ को खत्म करने में मददगार हैं।
4. रोजाना 1 गिलास हल्दी वाले दूध में शहद मिलाकर पीने से छाती में जमा बलगम से जल्दी राहत मिलती हैं।
5. नमक के पानी से गरारे करने पर भी छाली से बलगम निकल जाती है और खांसी, गले की खराश से आराम मिलता है।
6. अदरक, तुलसी, मुलेठी, दालचीनी, काली मिर्च का काढ़ा बनाकर पीने से भी आराम मिलता है।

ध्यान रखें कि की कोई भी नुस्खा अपनाने से पहले डॉक्टरी सलाह जरूर लें। किसी तरह के रिएक्शन और नुकसान के लिए हम जिम्मेवार नही हैं।

# सर्दी के मौसम में इस चीजों से करें परहेज, वरना बिगड़ सकती है सेहत



संवाददाता

सर्द मौसम को खाने–पीने के लिहाज से बेस्ट माना जाता है। इस मौसम में ऐसे फल और सब्जियां पाई जाती हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद है। लेकिन कुछ लोग सर्द मौसम में भी वही फल और सब्जियां खाना चाहते हैं जो उन्हें गर्मी में खाना पसंद है। लोग पसंद के आगे सेहत को नजरअंदाज कर देते है। लेकिन आप जानते है कि सर्द मौसम रोगाणुओं के जीवित रहने के लिए और उनके प्रजनन के लिए माकूल समय है। कम तापमान हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है और हम सर्दी में बीमार पड़ने लगते हैं। अक्सर लोग खान–पान की जब भी बात करते हैं तो बीमारियों का खतरा कम करने वाले फूड की बात करते हैं, लेकिन ऐसे फूड्स के बारे में कभी बात नहीं करते जो बीमार पड़ने का जोखिम बढ़ाते हैं। सर्द मौसम में हमारा खान–पान ऐसा होना चाहिए जो हमें तंदुरुस्त रख सकें नाकि हमारी सेहत को बिगाड़े। आइए हम जानते हैं कि सर्द मौसम में आपको किन चीजों से परहेज करना चाहिए, ताकि आप हेल्दी रहे।

गर्म कॉफी–

सर्दी में अक्सर हम गर्म कॉफी पीना ही पसंद करते हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि सर्द मौसम में कॉफी से परहेज करना चाहिए। कॉफी, कैफीन से भरपूर होती है इससे शरीर डिहाइड्रेट होता है। इसे पीने से आपको बार–बार यूरीन आता है। सर्द मौसम में आप पानी कम पीते है और यूरीन ज्यादा करते हैं बॉडी डीहाइड्रेट हो जाती है। आप कॉफी की बजाय गर्म चाय, गर्म चॉकलेट ड्रिंक या सूप आदि पी सकते हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो डायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना टेढ़ी खीर साबित होता है।

डायबिटीज के मरीज रोजाना इतने पिस्ता जरूर खाएं, कंट्रोल में रहेगा ब्लड शुगर

टमाटर–

ठंड के मौसम में टमाटर दिखने में अच्छे लगते हैं, लेकिन सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होते। इस मौसम में टमाटर में स्वाद न होने का कारण उनकी न्यूट्रिशन वैल्यू कम होती है। कम न्यूट्रिशन वाली बेस्वाद सब्जी खाएंगे तो आपको नुकसान हो सकता हैं।

लाल मिर्च–

सर्दियों में लाल मिर्च का सेवन साइनस और सर्दी के लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन ये आपके पेट को खराब कर सकता है। इस मौसम में लाल मिर्च के सेवन से बचें और अधि ाक ठंड में गर्म रहने के लिए काली मिर्च और अदरक आदि का सेवन कर सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी–

सर्दियों में स्ट्रॉबेरी का रंग पीला होता है। स्ट्रॉबेरी के रंग का इसकी फाइटोन्यूट्रिएंट प्रॉपर्टीज से सीधा संबंध है। इसका रंग जितना गहरा लाल होगा, उसमें उतने ही अधिक पोषक तत्व होंगे। कम पोषक तत्व वाली स्ट्रॉबेरी के सेवन से आपको बचना चाहिए।

बेक्ड फूड–

सर्दियों के दौरान सेचुरेटेड फैट का डाइजेशन स्लो होता है, जिससे शरीर में फैट जमता है। सर्दियों में फिजिकल एक्टिविटी कम होने के कारण कैलोरी बर्न कम ही हो पाती हैं। बेक्ड फूड में काफी अधिक मात्रा में सेचुरेटेड फैट होता है, इसलिए सर्दियों में बेक्ड फूड का सेवन करने से बचें।

ज्यादा गैजेट्स का इस्तेमाल धीमा कर सकता है आपके बच्चे का मानसिक विकास!

मीठे फूड–

केक, पेस्ट्री, ड्रिंक, ब्रेवरेज, पैक्ड जूस, सॉफ्ट ड्रिंक आदि शुगर में हाई होती हैं, जिससे बॉडी में अधिक कैलोरी जमा होने से फैट बढ़ जाता है। इससे इम्यूनिटी कमजोर होती है और वजन भी बढ़ता है।

तला हुआ खाने से परहेज करें–

तला हुआ भोजन सर्दी और गर्मी दोनों के लिए ही ठीक नहीं है। अनहेल्दी फैट खाने से शरीर में सूजन आ जाती है और वजन भी बढ़ेगा। इसलिए ऐसे फूड खाने से भी बचें।

डेयरी प्रोडक्ट–

जब गले में खराश हो या आप सर्दी से पीड़ित हो, तो डेयरी प्रोडक्ट का सेवन करने से बचें। दूध और पनीर जैसे डेयरी प्रोडक्ट के सेवन से बलगम बढ़ता है। इस मौसम में जितना संभव हो उतना कम डेयरी प्रोडक्ट का सेवन करें।

# डायबिटीज के मरीज रोजाना इतने पिस्ता जरूर खाएं, कंट्रोल में रहेगा ब्लड शुगर

एजेंसी

मधुमेह एक सामान्य बीमारी है। इस बीमारी में मरीजों को बार–बार पेशाब आता है, प्यास और भूख भी अधिक लगती है। अगर मधुमेह में सावधानी नहीं बरतते हैं और परहेज नहीं करते हैं, तो कई बीमारियां जन्म लेती हैं। इनमें स्ट्रोक, हृदय रोग, अल्सर और आंखों से संबंधित बीमारियां शामिल हैं। इस बीमारी में अग्नाशय से इंसुलिन निकलना बंद हो जाता है। वहीं, रक्त में शर्करा का स्तर उच्च हो जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो डायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना टेढ़ी खीर साबित होता है। इसके लिए खानपान और दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें। साथ ही वर्कआउट भी रोजाना जरूर करें। वहीं, ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए आप पिस्ता का भी सेवन कर सकते हैं। कई शोध में खुलासा हो चुका है कि पिश्ते के सेवन से ब्लड शुगर लेवल में सुधार होता है। हालांकि, इसके लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है कि एक दिन में कितने पिश्ते खाने चाहिए और कैसे सेवन करना चाहिए।

एक शोध के अनुसार, पिस्ता डायबिटीज के मरीजों के लिए



दवा समान है। इसके सेवन से बहुत जल्द ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। पिस्ता ऊर्जा का स्त्रोत है। साथ ही इसमें प्रोटीन और फैट पाए जाते हैं, जिनसे लंबे समय तक पेट भरा रहता है। इसके अलावा तमेमंतबीहंजम. दमज पर छपी एक अन्य शोध में भी पिश्ते को डायबिटीज रोग के लिए दवा बताई गई है। इस शोध में लगातार 12 हफ्ते तक पिस्ता खाने की सलाह दी गई है।

कैसे करें सेवन

शोध में रोजाना 25 ग्राम पिस्ता खाने की सलाह दी गई है। इससे ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। वहीं, त्मअपमू वि क्पंइमजपब ॅजनकपमे में रोजाना 30 पिस्ता खाने की सलाह दी गई है। हालांकि सॉल्टेड पिस्ता से परहेज करना चाहिए। एक बाउल फ्रूट सलाद के साथ पिस्ता का सेवन करें।

# घर पर लगाएं ये 5 पौधे, सुख, समृद्धि और सफलता से है इनका संबंध

कई बार हम बहुत मेहनत करने के बाद भी अपने काम का उचित मूल्य, वेतन या आर्थिक तरक्की नहीं कर पाते हैं। यदि हम वास्तु और फेंगशुई के बताए कुछ बातों



को अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो हो सकता है कि इससे ध्आर्थिक तंगी और जीवन में फैली नकारात्मकता दूर करने में मदद मिल सकती है। जागरण अध्यात्म में आज हम आपको कुछ उन पौधों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप अपने घर पर लगा कर आर्थिक संपन्नता और खुशहाली पाने में मदद ले सकते हैं। आइए जानते हैं उन पौधों के बारे में

1. मनी प्लांट

मनी प्लांट को घर में सही दिशा में लगाने से आर्थिक तरक्की मिलती है। मनी प्लांट को आप दक्षिण पूर्व दिशा यानी आग्नेय कोण में लगाएं। इससे सुख–समृद्धि और धान बढ़ोत्तरी के साथ सकारात्मकता भी प्राप्त होती है। इसे हमेशा हमेशा घर के अंदर लगाएं। बाहर न लगाएं। बाहर लगाने से यह दूसरों की निगेटिव एनर्जी से प्रभावित हो सकता है।

2. स्नेक प्लांट

स्नेक प्लांट के पत्ते लंबे, नुकीले और हरे रंग के होते हैं। इस पौधे को लगाने से विशेष फायदे होते हैं। यह घर के अंदर की हवा को शुद्ध तो करता ही है, आर्थिक संपन्नता में भी वृद्धि करने में सहायक माना जाता है। यदि आप बिजनेस करते हैं तो आपको जरूर लगाना चाहिए। यह बिजनेस ग्रोथ में सहायक माना जाता है।

3. जेड प्लांट

जेड प्लांट को सौभाग्य, समृद्धि और सफलता का प्रतीक माना जाता है। इस पौधे को मुख्यतरू घर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास लगाना चाहिए। इस पौधे की पत्तियां अंडाकार होती हैं। आप भी यदि अपने जीवन में सौभाग्य, समृद्धि और सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, तो ये पौधे इसमें सहायक हो सकते हैं।

4. लकी बम्बू प्लांट

यह पौधा कांच के जार में पानी भरकर रखा जाता है। लकी बम्बू प्लांट सौभाग्य, समृद्धि और शुभता में वृद्धि करने वाला माना जाता है। यह पौधा जितना बढ़ता है, उतना ही अच्छा माना जाता है। इसका सूखना दूर्भाग्य का सूचक होता है।

5. एरेका पाम

एरेका पाम को सौभाग्य, धन और सकारात्मकता प्रदान करने वाला पौधा माना जाता है। यह घर और आस पास के वातावरण में सकारात्मकता का संचार करने वाला तथा हवा को शुद्ध करने वाला होता है। इसकी हरी पत्तियां आंखों को सुकून देती हैं। आप भी इसे अपने घर में लगाकर स्वास्थ्य और समृद्धि का लाभ ले सकते हैं।

# सेहत पर भारी पड़ सकता है लंबे नाखूनों का शौक, प्रेग्नेंट औरतें दें ज्यादा ध्यान

हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं लंबे नाखूनों का शौक रखती हैं लेकिन आप शायद यह नहीं जानती कि ये आदत आपको गंभीर संक्रमण का शिकार बना सकती है। जी हां, ज्यादा लंबे नाखून रखने से इंफेक्शन के अलावा कई दिक्कतें हो सकती हैं। इसलिए समय–समय पर नाखून काटना बहुत जरूरी है, खासकर प्रेगनेंसी में।

गंभीर संक्रमण का खतरा

लंबे नाखूनों की सही तरीके से सफाई नहीं हो पाती , जिससे पिनवर्म्स पैदा हो जाते हैं। वहीं, गंदगी के कारण नाखूनों में घातक बैक्टीरिया भी जमा हो जाते हैं जो मुंह से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इससे आपको दस्त, उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

फंगल इंफेक्शन का खतरा

गंदे नाखूनों के कारण आप फंगल संक्रमण की चपेट में भी आ सकती हैं, जिसके कारण नाखूनों की स्किन उतरने लगती है और दर्द, सूजन व खुजली की समस्या भी हो जाती है।

गर्भावस्था में रखें ध्यान

प्रेगनेंसी में हार्मोन्स चेंज और मल्टीविटामिन लेने की वजह से नाखून तेजी से बढ़ते हैं लेकिन इससे संक्रमण का खतरा रहता है। वहीं, कई बार बेबी बंप पर खुजली होती है तो महिलाओं नाखूनों का इस्तेमाल कश्र लेती हैं जो सही नहीं है।

नाखून से ज्यादा होते हैं संक्रमित

रिसर्च में साबित हो चुका है कि लंबे नाखून उंगलियों से ज्यादा गंदे होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को नाखून चबाने की आदत है उन्हें ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि नाखूनों में मौजूद कीटाणु ना सिर्फ पेट बल्कि दांतों को भी खराब कर सकते हैं।

समय पर काटें बच्चों के नाखून

बच्चों के नाखून भी समय–समय पर काटते रहें क्योंकि कई बार खुजली से राहत देने के लिए बच्चे खुद को खरोंचकर चोट पहुंचा सकते हैं। वहीं, बच्चे नाखूनों की सफाई को लेकर बड़ों से भी ज्यादा लापरवाह होते हैं इसलिए समय–समय पर इन्हें काटना ही बेहतर उपाय है। लोगों को लगता है कि सिर्फ साबुन से हाथ धोने पर नाखून भी साफ हो जाएंगे जो गलत है। स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि इन्हें समय पर काटा जाए और अच्छी तरह साफ किया जाए।

# गर्दन दर्द को आम ना समझें, इससे पीछा छुड़वाने के उपाय जानिए

गर्दन में होने वाला दर्द जिसे बहुत हल्के में लिया जाता है लेकिन एक बार यह बढ़ जाए तो खतरनाक भी साबित हो सकता है। जो लोग ज्यादातर सीटिंग जॉब करते हैं उन्हें इस रोग बुलावा जल्दी आता है क्योंकि वे लोग लंबे समय तक एक ही पॉजिशन में बैठे रहते हैं दर्द बढ़ने पर अक्सर लोग हल्की फुलकी एक्सरसाइज और योग कर लेते हैं लेकिन अगर बार–बार यह दर्द उठ रहा है तो गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत होती हैं क्योंकि यह सर्वाइकल पेन का रुप भी ले सकता जिसमें दर्द कंधे सिर के पिछले हिस्से व रीढ़ की हड्डी तक पहुंच जाता है।

स्टडी की बात करें तो 53 में एक भारतीय महिला इससे पीड़ित है और 17 की इसी रोग के चलते मौत हो जाती है।

समस्या शुरू होने पर कुछ ऐसे संकेत देखने को मिलते हैं..

गर्दन में दर्द रहता है
अकड़न रहती है
सिरदर्द रहता और चक्कर आते है
हिलाने–जुलाने में भी परेशानी रहती है
रीढ़ की हड्डी, कंधे में दर्द रहता है।
हाथ–पैरों में सुन्नपन और झुनझुनी
कमजोरी महसूस होती है
मांसपेशियों में दिक्क

कारणों की बात करें सबसे ज्यादा दिक्कत उन लोगों को आती जो
एक ही पॉजिशन में बैठे रहते हैं...
घंटों गर्दन टेढ़ी करके फोन पर लगे रहते हैं...
एक्सीडेंट भी एक कारण हो सकता है अगर गर्दन अधिक मुड़ जाए इससे जकड़न आ जाती है मांसपेशियां कमजोर हो जाती है।

अब जानिए बचाव कैसे किया जा सकता है...

सही पोजिशन

सबसे पहले तो अपनी पोजिशन ठीक रखें। हर वक्त एक ही स्थिति में ना बैठे रहे। गर्दन झुकाकर मोबाइल स्क्रीन ही ना देखें बल्कि आंखों के बराबर ऊंचाई में लाकर इस्तेमाल करें।

एक्सरसाइज व योग

गर्दन से जुड़ी एक्सरसाइज करें और योग का सहारा भी लें। ताड़ासन, वृक्षासन, संपूर्णासन आदि करें। मोशन एक्सरसाइज करें जिसमें सिर को क्रमवार बाईं और दाईं तरफ कंधे की ओर झुकाएं। अपनी ठुड्डी को नीचे की तरफ झुकाएं फिर ऊपर ले जाएं। सिर को क्रम वार बाईं और दाईं

ओर कान की तरफ मोड़ें।

तनाव ना लें

तनाव ना लें क्योंकि सर्वाइकल पेन होने का एक कारण तनाव लेना भी है।

विटामिन डी डाइट लें

हड्डियों को मजबूत रखें और विटामिन डी और कैल्शियम खाते रहें। हल्दी वाला पानी पीएं। तिल के तेल की मालिश करें और लहसुन का सेवन भी जरूर करें।

ऊंचा तकिया यूज ना करें

ऊंचा तकिया इस्तेमाल करते हैं तो आदत बदलें। सही आकार का स्लिम तकिया या बिना तकिए के सोने की आदत डालें।

बर्फ से सिकाई

गर्दन में ज्यादा दर्द से तो बर्फ के टुकड़े से सिकाई करें। इससे आप भी आपको आराम मिलेगा।

ध्यान रखें कि इन सभी नुस्खों से अगर फर्क ना दिखें तो डाक्टरी जांच जरूर करवाएं।



# मरने के बाद 'दुल्हन' की तरह सजी थीं स्मिता पाटिल

## इस एक्टर का घर तोड़ने का लगा था आरोप

मंथन (1976), भूमिका (1977) आक्रोश (1980), चक्र (1980), नमक हलाल (1982), आखिर क्यों (1985), नजराना (1987), अर्थ (1982), वारिस (1988) जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी से सबके दिलों दिमाग पर अपनी छाप



छोड़ने वाली अभिनत्री स्मिता पाटिल ने 13 दिसंबर को आखिरी सांस ली थी। 17 अक्टूबर 1955 को पुणे में जन्मी स्मिता पाटिल ने 13 दिसंबर 1986 को महज 31 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। स्मिता पाटिल की जीवनी लिखने वाली मैथिली राव ने एक इंटरव्यू में बताया था कि स्मिता को वायरल इन्फेक्शन की वजह से ब्रेन इन्फेक्शन हो गया था जिसकी वजह से उनका निधन हुआ। आज उन स्मिता को गुजरे हुए 34 साला हो गए हैं, लेकिन उनकी बेहतरीन अदाकारी के लिए एक्ट्रेस को अब भी याद किया जाता है। आज एक्ट्रेस की डेथ एनिवर्सिरी पर हम आपको बताते हैं उनकी जिंदगी से जुड़ी कुछ अनुसनी बातें।

### 12 साल के करियर में हासिल की ये कामयाबी

स्मिता का फिल्मी सफर कुछ खास लंबा नहीं रहा। अपने 12 साल के करियर में स्मिता ने अस्सी से ज्यादा हिंदी, मराठी, गुजराती, मलयालम फिल्मों में काम किया। स्मिता ने करियर शुरू करने के महज चार सालों में ही अपना पहला नेशनल अवॉर्ड जीत लिया था। साल 1977 में उन्हें फिल्म श्भूमिकाश के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला। वहीं फिर साल 1980 में फिल्म श्चक्रश के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला। इसके अलावा उन्होंने फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किया और साल 1985 में स्मिता को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया।स्मिता के करियर के बारे में ये बात शायद कम ही लोग जानते होंगे कि उनके निधन के बाद भी उनकी 15 से ज्यादा फिल्में रिलीज हुई थीं।

### इस एक्टर के साथ लिव–इन में रहने पर हुई आलोचना

एक्ट्रेस की प्रोफेशनल लाइफ जितनी बुलंदियों पर रही उनकी पर्सनल लाइफ में उन्हें उतनी ही आलोचना का शिकार होना पड़ा। स्मिता पाटिल की पर्सनल लाइफ की बात करें तो एक्ट्रेस के ऊपर घर तोड़ने का आरोप लगाया गया था। दरअसल, स्मिता और बॉलीवुड एक्टर राज बब्बर के साथ उनकी नजदीकियां उस वक्त काफी चर्चा में रही थीं। जब ये बात सबके सामने आई तो स्मिता को काफी आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा, स्मिता पर राज बब्बर का घर तोड़ने का आरोप भी लगा। क्योंकि राज बब्बर पहले से शादीशुदा थे।

राज की शादी नादिरा से हो चुकी थी और वो स्मिता के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर चला रहे थे। कहा जाता है कि जब राज ने स्मिता से दूसरी शादी की बात की, उस दौरान उनके घर वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे और उन्होंने राज को परिवार या फिर स्मिता को चुनेने को कहा। जिसके बाद राज ने नादिरा को छोड़कर स्मिता को चुना और वो उनके साथ रहने चले गए। स्मिता और राज उस दौर में लिव इन रहते थे। बाद में दोनों ने शादी कर ली। राज बब्बर के दो बेटे हैं। एक उनकी पहली पत्नी नादिरा से आर्य बब्बर और स्मिता से प्रतीक बब्बर।

स्मिता पाटिल के मेकअप आर्टिस्ट दीपक सावंत ने बताया था कि श्स्मिता कहा करती थीं कि दीपक जब मर जाउंगी तो मुझे सुहागन की तरह तैयार करना'। मृत्यु के बाद अंतिम इच्छा के मुताबिक, स्मिता को सुहागन की तरह सजाया गया।

# आयुष्मान खुराना के घर आया नया मेहमान

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिर कश्यप सोशल मीडिया पर अच्छे खासे एक्टिव रहते हैं। ताहिरा भले की मेन स्ट्रीम बॉलीवुड से ताल्लुक न रखती हों, लेकिन किसी न किसी वजह से वो अक्सर खबरों में रहती हैं। आयुष्मान और ताहिरा काफी क्यूट और लविंग कपल हैं, दोनों सोशल मीडिया पर अक्सर एक दूसरे की फोटोज शेयर करते रहते हैं। अब हाल ही में ताहिरा ने इंस्टाग्राम पर अपने घर आने वाले नए मेहमान की कुछ तस्वीर शेयर की हैं जो काफी वायरल हो रही हैं।



जी हां, आयुष्मान और ताहिरा के घर के नया मेहमान आया है वो भी लड़की, और इस बात अनाउंसमेंट खुध्द ताहिर ने कुछ फोटोज शेयर कर किया है। ताहिरा ने जो फोटोज शेयर की हैं उनमें वो नए मेहमान के साथ खेलती दिख रही हैं। लेकिन.. लेकिन...लेकिन इससे पहले की आप कुछ अटकलें लगाएं हम आपको बता देते हैं कि आयुष्मान और ताहिरा के घर आने वाला नया मेहमान एक पपी (च्नचचल) है। जिसके साथ ताहिरा ने अपनी फोटोज शेयर की हैं। फोटोज शेयर करते हुए ताहिरा ने लिखा है, 'हमारे परिवार का नया सदस्य.... ये एक लड़की है और इसका नाम पीनट है। हम सभी को इसपर बहुत प्यार आ रहा है। मेरे हेयर एक्सटेंशन की ही तरह पीनट की भी एक कहानी है। जिस शख्स ने हमें पीनट तक पहुंचाने में मदद की उसने हमें बताया कि लोग हमेशा पहले लड़के को चुनते हैं, इसलिए पीनट का भाई चाहें कितना ही प्यारा हो इससे फर्क नहीं पड़ता। मैं पीनट को अपनी सेकेंड च्वॉइस नहीं बनाना चाहती थी। आप लोग प्लीज इनका स्वागत करें'। ताहिर के इस पोस्ट पर उनके देवर और बॉलीवुड एक्टर अपारशक्ति खुराना ने भी कमेंट किया है। अपार ने लिखा, 'मैं तुरंत घर आ रहा हूं हमारे परिवार के नए सदस्य का स्वागत करने'। वहीं नुसरत भरूचा ने पीनट को देखकर तुरंत घर आने की इच्छा जाहिर की है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर खोया जूही चावला का डायमंड ईयररिंग

बॉलीवुड एक्ट्रेस जूही चावला का एक ट्वीट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस ट्वीट में जूही लोगों से मदद की गुहार लगा रही हैं। जूही का ट्वीट कोई आम ट्वीट नहीं बल्कि इस ट्वीट में वो अपनी परेशानी लोगों को बता रहे हैं और उनसे खुले तौर पर मदद मंग रही हैं। दरअसल, एक्ट्रेस का डायमेंड ईयररिंग खो गया है जिसकी वजह से वो बहुत परेशान हैं। एक्ट्रेस ने अपने परेशानी लोगों से शेयर की है और कहा कि अगर कोई उनका ईयररिंग ढूंढकर ला देगा तो वो उसे इनाम भी देंगी। एक्ट्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर ईयररिंग की फोटो भी शेयर की जिसके साथ उन्होंने लिखा है, 'आज सुबह मैं मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर गेट नंबर 8 पर जा रही थी। मैं म्उपतंजमे ब्वनदजमत पर चेक इन किया, सिक्योरिटी चेक हुआ, लेकिन इसी बीच में कहीं मेरा डायमंड ईयररिंग गिर गया। अगर कोई मुझे मेरा ईयररिंग ढूंढकर देगा तो मुझे बहुत खुुशी होगी। आप पुलिस को भी जानकारी दे दीजिए, मैं आपको इनाम दूंगी। ये मेरा मैचिंग पीस है, मैं इसे पिछले 15 सालों से पहन रही हूं। प्लीज इसे ढूंढने में मेरी मदद कीजिए। शुक्रिया'। जूही का ये ट्वीट सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि जूही अब ज्यादा लाइमलाइट में नहीं रहती हैं। 90 के दौर में अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से सबको दीवाना बनाने वाली अभिनेत्री अब इक्का दुक्का फिल्मों ही नजर आती हैं वो भी लीड एक्ट्रेस के तौर पर नहीं। साल 2019 में जूही अनिल कपूर और सोनम कपूर के साथ 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' फिल्म में नजर आई थीं। हालांकि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस का इंस्टाग्राम उनकी फोटोज और वीडियोज से भरा रहता है।



# माहिरा खान का कोरोना वायरस टेस्ट आया पॉजिटिव

पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान का कोरोना वायरस टेस्ट पॉजिटिव आया हैस उन्होंने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर भी है। माहिरा खान ने सोशल मीडिया पर लिखा है, मेरा कोरोनावायरस का टेस्ट पॉजिटिव आया है मैंने खुद को आइसोलेट कर लिया है और उन सभी लोगों को सूचित कर दिया है, जो पिछले कुछ दिनों से मेरे संपर्क में थे यह समय मेरे लिए चुनौतीपूर्ण है लेकिन मैं जल्द ठीक हो जाऊंगी कृपया कर ध्यान से मास्क पहने और दूसरों के लिए अन्य सभी बातों का पालन करें। मेरे लिए दुआएं और फिल्मों की रिकमेंडेशन भेजें। पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है कि उनका कोरोनावायरस टेस्ट पॉजिटिव आया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह उनके लिए चुनौतीपूर्ण समय था और वह जल्द ठीक हो जाएंगी माहिरा खान फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के साथ फिल्म रईस में नजर आई थीस उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली थी लेकिन वह इस फिल्म का प्रचार करने भारत नहीं आ पाईस इसका कारण यह था कि भारत और पाकिस्तान के रिश्ते 2016 में हुए उरी हमले के बाद तनावपूर्ण हो गए थे हालांकि उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेस से बात की थी और उन्होंने अपनी भूमिका को मिल रही सराहना के लिए सभी का आभार व्यक्त किया था। फिल्म रईस को सकारात्मक समीक्षाएं मिली थी और इसे दर्शकों का भी प्यार मिला था। फिल्म रईस में माहिरा खान के अलावा शाहरुख खान की अहम भूमिका थीस माहिरा खान फिल्म अभिनेता रणबीर कपूर के साथ अमेरिका में भी देखी गई थीस वहां वह दोनों एक साथ सिगरेट पीते हुए कैमरे में कैद हुए थे इसके बाद दोनों के अफेयर की भी खबरें उड़ी थी हालांकि दोनों ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया थास माहिरा खान पाकिस्तान की लोकप्रिय अभिनेत्री है वह सोशल मीडिया पर भी एक्टिव है।



# बच्चन पांडे में हुई पंकज त्रिपाठी की एंट्री, लीड रोल में अक्षय कुमार और कृति सैनन

पिछले काफी दिनों से अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म बच्चन पांडे काफी चर्चा में है। फिल्म में अक्षय कुमार के ऑपोजिट कृति सैनन को कास्ट किया गया है। फरहद सामजी के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में पिछले दिनों अरशद वारसी और जैकली फर्नांडिस को भी कास्ट किया गया था। अब खबर है कि इसकी कास्ट को पंकज त्रिपाठी ने भी जॉइन कर लिया है। पंकज त्रिपाठी और कृति सैनन साथ में बरेली की बर्फी और लुका छुपी जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। लेकिन यह पहला मौका होगा जबकि अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी साथ काम करते नजर आएंगे। दोनों ही ऐक्टर्स को अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए जाना जाता है, ऐसे में बच्चन पांडे में दोनों को साथ देखना दिलचस्प होगा। पंकज जनवरी में फिल्म की बाकी की कास्ट को जैसलमेर में जॉइन करेंगे। पंकज त्रिपाठी ने साल 2004 में आई फिल्म रन में एक छोटा सा रोल निभाकर अपना बॉलिवुड डेब्यू किया था। हालांकि, कड़ी मेहनत और वर्षों के स्ध्ट्रगल के बाद उन्होंने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस से वर्सेटाइल ऐक्टर के तौर पर लोगों के दिलों और इंडस्ट्री में खास जगह बनाई है। अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर उनके करियर का टर्निंग पॉइंट रही जिसमें उन्होंने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। हालांकि, यहां हम आपको पंकज की कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में लोगों कम बात करते हैं या उन्हें पता नहीं है। ये वही फिल्में हैं जिन्होंने आज उन्हें स्टार बना दिया है। 2008 में आई इस फिल्म में रणवीर शौरी और नसीरुद्दीन शाह लीड रोल में थे। फिल्ध्म में मशहूर फिल्म डॉन (अमिताभ बच्चन और फिर शाहरुख खान वाली) की कहानी को इंट्रेस्टिंग तरीके से दिखाया गया। फिल्म में पंकज का छोटा सा रोल था लेकिन इसके बाद उन्होंने अपना काम बखूबी निभाया। उन्होंने सौरभ शुक्ला, हर्ष छाया और विनय पाठक जैसे ऐक्टर्स के साथ स्क्रीन शेयर किया। 2007 में आई इस फिल्म में सुप्रिया पाठक के साथ पंकज त्रिपाठी नजर आए। हालांकि, इसमें पंकज सपॉर्टिंग रोल में थे। फिल्म को क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया और इसे नैशनल इंटिग्रेशन पर बनी बेस्ट फीचर फिल्म का नैशनल अवॉर्ड मिला। भावना तलवार की इस फिल्म में उन्होंने बहादुरी से धर्म के सही अर्थ पर सवाल उठाए। गुड़गांव पंकज के शानदार टैलंट का एक और उदाहरण है। इस फिल्म में वह पूरी तरह से बदले अवतार में नजर आए। उन्होंने कैरक्टर के इमोशन को पर्दे पर उतार दिया और रियल स्टेट टायकून के रोल में खूब जंचे। फिल्म में उनकी बेटी का किडनैप हो जाता है। पंकज इस फिल्म में क्राइम के सरताज के रूप में नजर आए और इस कैरक्टर में उन्होंने अपनी ऐक्टिंग से जान डाल दी। उन्होंने नावेद का ऐसा रोल प्ले किया जिससे लोग डरे। अगर यह फिल्म नहीं देखी है तो पंकज की वजह से इसे देखना बनता है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं किया। हालांकि, इसमें सुनील ग्रोवर और जाकिर हुसैन के साथ–साथ पंकज त्रिपाठी के काम को पसंद किया गया। एक महत्वाकांक्षी न्यूज ऐंकर और उसकी खोज पर बेस्ड इस ड्रामा फिल्म को सब्जेक्ट की वजह से सराहा गया। हालांकि, इसका ट्रीटमेंट उतना काबिलेतारीफ नहीं था। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में थे लकिन इसे भारत में कमर्शल रिलीज नहीं मिली। हालांकि, 2013 में इसका प्रीमियर बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में हुआ। फिल्म में पंकज और अनन्या चटर्जी नजर आए थे। फिल्म का प्लॉट एक जासूस के इर्द–गिर्द है जो अपनी लाइफ की जांच करने का फैसला लेता है। इस थ्रिलर ड्रामा में सुमित निझावन और मोना वासु लीड रोल में थे। वहीं, पंकज त्रिपाठी, जाकिर हुसैन और मोहम्मद जीशानअयूब जैसे ऐक्टर्स सपॉर्टिंग रोल्स में थे। फिल्म का क्रिटिकली काफी पसंद किया गया लेकिन लिमिटेड रिलीज के कारण यह बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा सकी। डेब्यू डायरेक्टर जयदीप चोपड़ा की कहानी एक परिवार के इर्द–गिर्द है जो कि ऐसी ट्रैजिडी से जूझती है जिसकी उसे उम्मीद नहीं थी। यह सटायर कॉमिडी फिल्म आध्यात्मिक बाबाओं पर आधारित है जो इंडियन कल्चर को दिखाती है। फिल्म में अभिमन्यु सिंह, पंकज त्रिपाठी, संजय मिश्रा और रवि किशन जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में हैं। फिल्म में पंकज की परफ ॉर्मेंस को क्रिटिक्स ने काफी सराहा लेकिन उन्हें लगा कि फिल्म के आइडिया को स्क्रिप्ट में बखूबी उतारा नहीं जा सका। इस फिल्म में शाइनी दोशी, मोहित सहगल और पंकज त्रिपाठी लीड रोल्स में थे। शो का प्लॉट लीड कैरक्टर के संघर्षों के इर्द–गिर्द घूमता है जिसकी शादी एक पुरुष प्रधान परिवार में हुई है। फिल्म के पंकज विलन की भूमिका में थे लेकिन फिर भी वह अपने रोल में चमके और बाकी ऐक्टर्स से अलग नजर आए। बताया जा रहा है कि फिल्म में अक्षय कुमार एक गैंगस्टर के किरदार में नजर आएंगे जो ऐक्टर बनना चाहता है। अरशद वारसी अ क्षय के दोस्त जबकि कृ ति सैनन एक जर्नलिस्ट के किरदार में नजर आएंगी। पहले यह फिल्म अगले साल जनवरी में रिलीज होने वाली थी, हालांकि कोरोना वायरस के चलते इसकी शूटिंग काफी दिनों तक रुकी रही। अभी इसके मेकर्स ने रिलीज की अगली तारीख कन्फर्म नहीं की है।

# आश्रम पर बढ़ा बवाल, कोर्ट ने भेजा बाबी देओल और प्रकाश झा को नोटिस

बॉबी देओल के लीड रोल और प्रकाश झा के प्रॉडक्शन में बनी सुपरहिट वेब सीरीज आश्रम पर बवाल बढ़ गया है। इस सीरीज के 2 सीजन रिलीज हो चुके हैं जो काफी हिट रहे हैं और लोगों को पसंद आए हैं। हालांकि कुछ लोगों का आरोप है कि इस वेब सीरीज के जरिए उनकी धार्मिक भावनाएं आहत की जा रही हैं और इसे बैन किया जाना चाहिए। अब जोधपुर कोर्ट ने सीरीज के लीड ऐक्टर बॉबी देओल और प्रड्यूसर प्रकाश झा को नोटिज जारी कर दिए हैं। जिला और सेशन कोर्ट में रविंद्र जोशी की अदालत ने यह आदेश वकील कुश खंडेलवाल की याचिका पर दिए हैं। हालांकि कोर्ट ने बॉबी देओल और प्रकाश झा के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के आदेश देने से इनकार किया है। मामले की अगली सुनवाई 11 जनवरी को होगी। देखिए बॉबी देओल का यह खूबसूरत आश्रम, जो पहले एक खंडहर था। शो के निर्माता और निर्देशक प्रकाश झा ने सुनाई है इस खंडहर से महल बनने की खूबसूरत कहानी। प्रकाश झा की यह वेब सीरीज आश्रम की कहानी एक ऐसे आश्रम की है, जिसमें आस्था का अंधविश्वास है, साजिशें हैं और बाबा निराला का बनाया कानून और उनका ही न्याय है। जिस आश्रम की खूबसरती देख दर्शकों की आंखे चौधिया गईं, क्या आप जानते हैं कि ये आश्रम अयोध्या में स्थित एक जर्जर अवस्था में कभी राज सदन नाम का एक विशाल महल था। आश्रम की शूटिंग के पहले यह एक डरावना खंडहर ही था। लेकिन प्रकाश झा को इस खंडहर में आश्रम को खूबसूरती पहली ही नजर आ गई और उन्होंने इसे महल बना दिया । हालांकि, इस महल में शूट करना बहुत मुश्किल था क्योंकि महल की अवस्था बहुत ही खराब थी जहां पर जंगली झाड़ियां, बंदरों और कबूतरों का घर और टूटी फूटी दीवारें थीं। 1 महीने तो इस महल की सफाई में लगे और करीब 4–5 महीने लग गए इसे संवारने में , तब जाकर कहीं महल की खूबसूरती लौट सकी। राज सदन महल की कहानी सुनाते हुए प्रकाश झा ने कहा, श्राज सदन में मुझे सारी संभावनाएं नजर आई। जिस तरह की कल्पना हमने की थी सब वहां आसानी से सेट हो रही थी। वह महल बहुत ही जर्जर अवस्था में था, लेकिन ये महल बहुत ही खूबसूरत था उन्होंने कहा, हमने सोचा कि कोई भी धर्म या पंचायत से जुड़ा हुआ रंग का इस्तेमाल नहीं होगा, हमने प्रकृति को समझा और उसकी विकृति को समझा और फिर हमने रंगों का चुनाव किया। महल भले जर्जर अवस्था में था, लेकिन हाथी तो हाथी होता है। अगर ये पैलेस नहीं होता तो शायद आश्रम इतना सुंदर नहीं हो पाता। बता दें कि एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई इस सीरीज में बॉबी देओल ने काशीपुर वाले बाबा निराला की भूमिका निभाई थी। सीरीज में दिखाया गया है कि बाबा निराला अपने आध यात्मिक आश्रम की आड़ में ड्रग्स और ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे कामों में संलिप्त है। आश्रम में बॉबी देओल के अलावा अदितित पोहनकर, चंदन रॉय सान्याल, दर्शन कुमार, तुषार पांडे, अनुप्रिया गोयनका, त्रिधा चौधरी, सचिन श्रॉफ और अनिल रस्तोगी जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। अभी दर्शक इसके तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हिन्दी दैनिक
मरियम टाइम्स

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक कलीमउल्ला फ़ारूकी ने सांई प्रिंटिंग प्रेस , 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से छपवाकर 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित किया।

**सम्पादक:**
**आसिया जैदी**
मो0– 9838040912

e-mail:
mariyamtimes86@gmail.com

RNI No -
UPHIN/2015/63817

समाचार पत्र से सम्बन्धित समस्त प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय मान्य होगा।